पण्डितप्रवर श्रीआशाधर विरचित

प्रतिष्ठासारोद्धार

संक्षिप्त हिंदी भाषाटीकासहित ।

जिसको

पाढमनिवासी पं० मनोहरलाल शास्त्रीने तैयारकर अपने

श्रीजैनग्रंथ-उद्धारक कार्यालय द्वारा

प्रकाशित किया ।

प्रथमवार १००० प्रति । } वि० संवत् १९७४. { न्योछावर गत्ते-सहित १॥) रु० कपड़की जिल्द २) रु०

Printed by Chintaman Sakharam Deole, at the Bombay Vaibhav Press, Servants of India Society's Building, Sandhurst Road, Girgaon, Bombay.

AND

Published by Pandit Manoharlal Shastri, Malik, Jain Grantha Uddharak Karyalaya, Khattar Lane, Houdwadi, Bombay, No. 4.

ॐ नमः परमेष्ठिभ्यः

प्रस्तावना।

प्रिय पाठकगण ! अब मैं श्री जिनेंद्रदेवकी कृपासे उस अपूर्व ग्रंथ प्रतिष्ठासारोद्धारको भाषाटीकासहित बनाके आपके सामने उपस्थित करता हूं कि जिसकेलिये आप सब साधर्मीगण उत्कंठित होरहे थे । गृहस्थ श्रावकोंका देवपूजा करना नित्य कर्मोंमेंसे पहला कर्तव्य कहा है, उसकेलिये जिनदेवकी प्रतिमा तथा मंदिरकी स्थापना होना बहुत आवश्यक है। उसी स्थापनाकी पंचकल्याणक आदि विधियां इस महान ग्रंथमें स्पष्ट रीतिसे वर्णनकी गई हैं। इसका फल ग्रंथकारने स्वयं दिखलाया है कि पहले महाराज भरतचक्रवर्ती आदि महान पुरुष भी इसी जिन प्रतिष्ठाके करनेसे निराकुल मोक्षसुखको प्राप्त हुए हैं। परंतु कालकी कुटिलगतिसे आजकल बहुत कुछ विपरीतपना फैल गया है। पहले तो प्रतिष्ठाकरानेवाले धनिक यजमानोंको यही खबर नहीं कि प्रतिष्ठाकरानेका क्या फल है तथा हमको

प्रतिष्ठाचार्यके साथ कैसा वर्ताव करना चाहिये। दूसरी बात यह है कि प्रतिष्ठाचार्यको भी अत्यंत लोभके वशीभूत होकर इसबातका ध्यान नहीं रहता कि मैं यजमानके साथ अयोग्य वर्ताव तो नहीं करता। वस यजमान और प्रतिष्ठाचार्य इन दोनोंके अयोग्य वर्ताव होनेसे प्रतिष्ठाके समय अनेक विघ्न आकर उपस्थित होजाते हैं तब प्रतिष्ठाका फल निष्फल होजाता है॥ यही विचारकर मेरा मन सांक्षिप्त भाषाटीका सहित इस **प्रतिष्ठापाठ**को प्रकाशित करनेका हुआ है। जिससे सब साधारण भव्यजीवोंको यह बात मालूम होजावे कि प्रतिष्ठा करानेमें किन २ चीजोंकी आवश्यकता है और यजमान तथा प्रतिष्ठाचार्यको कैसा वर्ताव रखना चाहिये॥

यह महान् ग्रंथ पंडितप्रवर श्री आशाधर गृहस्थाचार्यका बनाया हुआ है। इन्होने श्री **वसुनंदि** आचार्यकृत **प्रतिष्ठासार संग्रह**के विषयका उद्धार करनेके लिये विस्तारसहित पूर्वोक्त प्रतिष्ठासारोद्धार नामका ग्रंथ रचकर भव्यजीवोंका उपकार किया है। इन्हीं विद्वद्वरने धर्मामृत आदि अनेक अपूर्व ग्रंथोकी रचना की है, उसका उल्लेख प्रशस्तिमें किया गया है। और जीवनचरित्र भी संक्षेपमें प्रशस्तिमें है तथा सागार धर्मामृतमें मुद्रित हो चुका है इसलिये यहां लिखनेकी विशेष आवश्यकता नहीं है। इस ग्रंथकी भाषाटीका अवतक देखनेमे नहीं आई और न मैंने अवतक कोई प्रतिष्ठा करानेका काम ही किया। उसमें भी प्रतिष्ठाकी क्रिया करानेवालोंकी लोभकषायके वश चित्तमलिनता होनेके कारण विधि वतलानेमें सहायता देना असंभव समझ उनके पास भी जाना व्यर्थ समझा। इसलिये मूल संस्कृतपरसे ही बुद्धिके अनुसार भाषाटीका संक्षेपसे लिखी गई है।

इस ग्रंथकी एक हस्तलिखित प्रति तो पूर्ण मिली तथा दूसरी अधूरी मिली। ये दोनों प्रतिया लेखकोंकी कृपासे प्रायः अशुद्ध मिलीं, इसलिये अर्थकरनेमें वहुत कठिनाई हुई। अस्तु। 'न कुछसे कुछ होना अच्छा' इस कहावतको लेकर यह उद्यम किया गया है।

इस ग्रंथके साथ प्रतिष्ठासारसंग्रहका भी कुछ भाग लगादिया है । तथा समयके अनुकूल विषयसूची, मंत्रसाधनके समय आवश्यक चीजोंका नकशा, और मंत्रव्याकरणके कुछ नियमोंको बतलानेवाले श्लोक भी लगादिये गये हैं कि जिससे कर्णपिशाचिनी आदि विद्याके साधनेमें सफलता हो । मंत्र सिद्ध करनेकी विस्तारसे विधि **मंत्रसंग्रह** में बहुत अच्छी तरहसे बतलाई जावेगी ।

इस ग्रंथके उद्धारमें श्रीमान् सेठ **भैरूंदानजी** लाडनूं निवासीने जो पचास रुपये भेजकर सहायता की है, इस अपूर्व उपकारके हम बहुत आभारी होके कोटिशः धन्यवाद देते हैं और आशा करते हैं कि इस तरहकी आर्थिक सहायता देकर अन्य सज्जन भी जिनवाणीका प्रचारकर पुण्यउपार्जन करेंगे । अंत में यह प्रार्थना है यदि हमारे पाठकोंको इस ग्रंथसे संतोष हुआ और सहायता मिली तो **अष्टांग-निमित्तसंग्रह** तथा **मंत्रसंग्रह** आदि अपूर्व ग्रंथ भाषा-टीका सहित प्रकाशित करके उपस्थित करूंगा । शुद्ध प्रति न मिलनेसे कहीं अशुद्धियां रह गई हों तो पाठक महाशय मुझपर क्षमा करें । जब शुद्ध प्रति मिलजावेगी तब शुद्धिपाठ छपाकर भेजदिया जावेगा । इसतरह प्रार्थना करता हुआ इस प्रस्तावनाको समाप्त करता हूं । अलं विशेषु ।

खत्तरगली हौदावाडी
पो. गिरगांव—बंबई
जेठ वदि १३ वीर सं० २४४३

जैनसमाजका सेवक
मनोहरलाल
पादम (मैंनपुरी) निवासी

मंत्रसाधनके समय आवश्यक नियम ।

शांतिकर्म १	पौष्टिककर्म २	वश्यकर्म ३	आकर्षणकर्म ४
वरुणदिशा	नैऋत्यदिशा	कुबेरदिशा	यमादिक्
अर्धरात्रि	प्रभातकाल	पूर्वाह्णकाल	पूर्वाह्णकाल
ज्ञानमुद्रा	ज्ञानमुद्रा	सरोजमुद्रा	अंकुशमुद्रा
पंकजासन	स्वस्तिकासन	पंकजासन	दंडासन
(नमः) स्वाहा पल्लव	स्वधा पल्लव	वषट् पल्लव	वौषट् पल्लव
श्वेतवस्त्र	श्वेतवस्त्र	रक्त वस्त्र	उदयार्कवस्त्र
श्वेतपुष्प	श्वेतपुष्प	अरुण पुष्प	अरुणपुष्प
श्वेतवर्ण	श्वेतवर्ण	रक्तवर्ण	उदयार्कवर्ण
पूरकयोग	पूरकयोग	पूरकयोग	पूरकयोग
दीपनआदि नाम	दीपनआदि	संपुट आदि	ग्रंथनवरुण
स्फटिकमणि माला	मुक्ताफल माला	प्रवालमणि	प्रवालमणि
मध्यमांगुलि	मध्यमांगुलि	अनामिका	कनिष्ठिका
दक्षिणहस्त	दक्षिणहस्त	वामहस्त	वामहस्त
वामवायु	वामवायु	वामवायु	वामवायु
जलमंडल	जलमंडल	अग्निमंडल	अग्निमंडल

स्तंभनकर्म ५	मारणकर्म ६	विद्वेषणकर्म ७	उच्चाटनकर्म ८
पूर्वाभिमुख	ईशानदिशा	आग्निदिक्	वायव्यदिशा
पूर्वाह्णकाल	संध्याकाल	मध्याह्नकाल	अपराह्णकाल
शंखमुद्रा	वज्रमुद्रा	प्रवालमुद्रा	प्रवालमुद्रा
वज्रासन	भद्रासन	कुर्कुटासन	कुर्कुटासन
ठ ठ पल्लव	घे घे पल्लव	हूं पल्लव	फट् पल्लव
पीतवस्त्र	कृष्णवस्त्र	धूम्रवस्त्र	धूम्रवस्त्र
पीतपुष्प	कृष्णपुष्प	धूम्रपुष्प	धूम्रपुष्प
पीतवर्ण	कृष्णवर्ण	धूम्रवर्ण	धूम्रवर्ण
कुंभकयोग	रेचकयोग	रेचकयोग	रेचकयोग
विदर्भमध्य	रोधनआदि	पल्लवांतिनाम	पल्लवांतिनाम
स्वर्णमणि	पुत्रजीवीमणि	पुत्रजीवीमणि	पुत्रजीवीमणि
कनिष्ठिका	तर्जनी	तर्जनी	तर्जनी
दक्षिणहस्त	दक्षिणहस्त	दक्षिणहस्त	दक्षिणहस्त
दक्षिणवायु	दक्षिणवायु	दक्षिणवायु	दक्षिणवायु
पृथ्वीमंडल	वायुमंडल	वायुमंडल	वायुमंडल

॥ मंत्रसाधनविधिके आवश्यक श्लोक ॥

दिक्कालमुद्रासनपल्लवानां भेदं परिज्ञाय जपेत् स मंत्री ।
न चान्यथा सिद्ध्यति तस्य मंत्रः कुर्वन् सदा तिष्ठतु जाप्यहोमं ॥ १ ॥

स्तंभं विद्वेषमाकृष्टिं पुष्टिं शांतिं प्रचालनम् । वश्यं वधं च तं कुर्यात् पूर्वाद्यभिमुखः क्रमात् २
अन्योन्यवज्रविद्धं पीतं चतुरस्रमवनिबीजयुतम् । कोणेषु रांतयुक्तं भूमंडलसंज्ञकं ज्ञेयम् ॥३॥
मुखमूलवपोपेतः पद्मपत्रांकितः सितः । पववर्णान्तदिक्कोणः कलशस्तोयमंडलम् ॥ ४ ॥
त्रिस्वास्तिकं त्रिकोणं यांतं कोणेषु वह्निबीजयुतम् । ज्वालायुतमरुणाभं तन्मंडलमाहुराग्नेयम्५
बहुविंदुवकरेखं वृत्ताकारं चतुर्यकारयुतम् । कृष्णं मारुतबीजं वायव्यं मंडलं प्राहुः ॥ ६ ॥
चत्वारि मंडलानि च लवरयवर्णैः क्रमेण युक्तानि । पृथ्वीसलिलहुताशनमारुतबीजैः समेतानि ७
मारणाकृष्टिवश्येषु त्र्यस्रं कुंडं प्रशस्यते । विद्वेषोच्चाटयोर्वृत्तमन्येषु चतुरस्रकम् ॥ ८ ॥
पलाशस्य समिन्मुख्या स्यादमुख्या पयस्तरोः । विधानमेतत् संग्राह्यं विशेषवचनादृते ॥ ९ ॥
वधविद्वेषोच्चाटेष्वष्टौ पुष्टौ मता नव शांतौ । आकृष्टिवशीकृत्योर्द्वादश समिधः प्रमांगुलयः॥१०
शतमष्टोत्तरसंख्या सहस्रमष्टोत्तरं वदंति जपे ।होमादिषु संख्या स्यात् दशभागा मूलमंत्रसंख्यायाः
जपादविकलो मंत्रः स्वशक्तिं लभते पराम् । होमार्चनादिभिस्तस्य तृप्ता स्यादधिदेवता १२
एकस्तावद्वह्निः पुनरपि पवनाहतो न किं कुर्यात् ।एको मंत्रः पुनरपि जपहोमयुतोऽस्य किमसाध्यं
शिष्यो मंत्रक्रियारंभे स्नातः शुद्धांबरं दधत् । निर्जंतुदेशके पूजाजपहोमान् करोत्विति ॥१४॥
पंचाह्वानस्थापनसान्निध्यसाक्षात्करणार्चनाविसर्गाः स्युः । मंत्राधिदेवतानामुपचाराः कीर्तितास्तज्ज्ञैः ॥
सिसाधयिषुणा विद्यामविघ्नेनेष्टसिद्धये । यत्स्वस्य क्रियते रक्षा सा भवेत् सकलीक्रिया॥१६॥

ॐ नमः परमात्मने ।

श्रीमत्पंडितप्रवर-आशाधरविरचित

प्रतिष्ठासारोद्धारः ।

(जिनयज्ञकल्पापरनामा)

जिनान्नमस्कृत्य जिनप्रतिष्ठाशास्त्रोपदेशव्यवहारदृष्ट्या ।
श्रीमूलसंघे विधिवत्प्रबुद्धान भव्यान् प्रवक्ष्ये जिनयज्ञकल्पम् ॥ १ ॥

हिंदी भाषाटीका

अब जिनयज्ञ कल्प नामके प्रतिष्ठापाठका व्याख्यान किया जाता है;—मैं (आशाधर) जिनेंद्र भगवानको नमस्कार करके और जिनप्रतिष्ठा शास्त्रोंकी गुरुआम्नायको अच्छीतरह जानकर श्रीमूलसंघके शास्त्रोंके अनुसार श्रावकधर्मको पालनेवाले भव्योंके वास्ते जिनयज्ञक-

१ अथातो जिनयज्ञकल्पमनुक्रमिष्यामः । २. जिनस्थापनाधर्मसंहितागुर्वाम्नायमुख्यप्रवृत्त्यवलोकनेन ।

साकल्येनैकदेशेन कर्मारातिजितो जिनाः । पंचार्हदादयोऽत्रेष्टाः श्रुतं चान्यच्च तादृशम् ॥२॥
जिनानां यजनं यज्ञस्तस्य कल्पः क्रियाक्रमः। तद्वाचकत्वाच्च जिन-यज्ञकल्पोऽयमुच्यते ॥३॥
तत्र विश्वोपकारार्थजन्मनां यज्ञमर्हताम् । प्रागाहुस्तस्य भेदाः स्युः पंच नित्यमहादयः ॥४॥
तेषु नित्यमहो नाम स नित्यं यज्जिनोर्च्यते । नीतैश्चैत्यालयं स्वीयगेहाद्गंधाक्षतादिभिः ॥५॥
अतो नित्यमहोद्युक्तैर्निर्माप्यं सुकृतार्थिभिः । जिनचैत्यगृहं जीर्णमुद्धार्यं च विशेषतः ॥६॥

ल्पका विस्तारसे व्याख्यान करता हूं ॥१॥ समस्त अथवा थोडेसे कर्मरूपी वैरियोंको जिसने जीत लिया है वह जिन कहलाता है इसलिये यहांपर अर्हंत सिद्धादि पांच परमेष्ठी तथा उनका कहा हुआ द्वादशांग शास्त्र–जिन जानना चाहिए । उन जिन शब्द वाच्य अर्हंतादिकका जो पूजन उसे जिनयज्ञ कहते हैं उसकी क्रियाओंके क्रमको कल्प कहते हैं इसलिये जिन-पूजाकी क्रियाओंके क्रमको जो कहे उसीको ‘ जिनयज्ञकल्प ’ इस नामसे कहते हैं । यह जिनयज्ञकल्पका अक्षरार्थ हुआ ॥ २ । ३ ॥ उनमें सबसे पहले अर्हंतकी पूजाका क्रम कहा जाता है क्योंकि मुख्यतासे उन तीर्थंकर अर्हंतका ही जन्म जगतजीवोंके उपकारके लिए होता है । उस पूजाके नित्यमह चतुर्मुख रथावर्त कल्पवृक्ष इंद्रध्वज–ये पांच भेद आचार्योंने कहे हैं ॥ ४ ॥ उन पांचोंमेंसे नित्यमह नामकी पूजा वह है कि जो अपने घरसे चंदन अक्षतादि अष्टद्रव्यको चैत्यालय (जिनमंदिर) में लेजाकर उससे जिनेन्द्रका पूजन किया जावे ॥ ५ ॥ इसलिये पुण्यके चाहनेवालोंको नित्यमह पूजनमें उद्यमी होके जिनमंदिर बनवाना चाहिये

जिने यज्ञं करिष्याम इत्यध्यवसिताः किल। जित्वा दिशो जिनानिष्ट्वा निर्वृता भरतादयः॥७॥
शक्यक्रियेष्टफलतां दृष्ट्वाष्टांगनिमित्ततः। स्वशक्त्या स्वाद्धि पृष्ट्वाप्तान् प्रारभेत जिनालयम्॥८॥
मुनिगोऽश्वेभभूपाढ्ययोपिच्छत्रादिदर्शनम्। तत्प्रश्ने वेदपाठार्हन्नुत्यादिश्रवणं शुभम् ॥ ९ ॥
विमूर्धा हसतीस्तोमः सोहं मध्ये स्थितोंऽततः। चतुरोंकारयुक् सव्येतरमायाद्वयाहृतम् ॥१०॥

और जहांतक होसके जीर्ण जिनमंदिरका उद्धार कराना बहुत उत्तम है ॥ ६ ॥ जिनेन्द्र देवकी पूजा तो अवश्य करेंगे ऐसा दृढनिश्चय रखनेवाले भरत सगर राम पांडव आदिक बड़े २ महाराजा जो पूर्वसमयमें होगये हैं वे भी जिनेंन्द्रदेवकी पूजाकरनेसे ही सब दिशाओंको जीतकर अंतमें मोक्षके अविनाशीक सुखको प्राप्त हुए ॥ ७ ॥ अपनी शक्ति और इष्ट सिद्धिको विचार कर तथा पिता माता मंत्रीआदिक सज्जनोंको पूछकर अष्टांग निमित्तके द्वारा शुभतिथि आदि पंचांग शुद्ध लग्नमें जिनमंदिर बनवाना शुरू करे ॥ ८ ॥ जिनमंदिरके उद्धार करनेके संबंधमें पूंछनेके समय दिगंबर मुनि (साधु) बछड़ेवाली गाय वा बैल घोड़ा हाथी सधवा स्त्री छत्र और आदि शब्दसे चमर ध्वजा सिंहासन दही दूध इत्यादिका देखना तथा वीणाका शब्द जैन शास्त्रोंका पाठ अर्हतको नमस्कार आदि शब्दोंका सुनना शुभ ॥ ९ ॥ अब कर्णपिशाचिनी यंत्र मंत्रका उद्धार बतलाते हैं,—हकार सकार तीकारके ऊपर रख सकार और हकारके बीचमें तीं अक्षरको लिखे उसके चारों कोनोंमें चार ओंकार

जोगे मग्गे पदं तच्चे भूदे भव्वे ततः परम् । भविस्से अक्खे पक्खे च जिनपार्श्वे रमाक्षरम्॥११॥
मायाबीजं वधूबीजं तथा कर्णपिशाचिनि । मंत्रेणानेन तच्चक्रे नमोंतप्रणवादिना ॥ १२ ॥
जातीपुष्पसहस्राणि जप्त्वा द्वादश शद्दशः । विधिना दत्तहोमस्य विद्या सिद्ध्यति वर्णिनः १३
सानाहतामूर्ध्वमुखज्योतिस्तींकारधीरिमाम् । जपन् शृणोति वा पश्यत्यपि जाग्रच्छुभाशुभम् १४
उपोषितो जपन् सुप्त ओं मायाद्यपराजितम् । दृष्ट्वा मुन्यादिक ब्रूयाच्छुभं क्षुद्रादि चाशुभम् १५

ओं				ओं
ह्रीं	सं	ती	हं	ह्रीं
ओं				ओं

लिखना और दक्षिण वामभागकी तरफ माया बीजनामक ह्रींको लिखे अर्थात् ऐसा यंत्र बनावे। यह कर्णपिशाचिनी यंत्र है॥१०॥जोगे मग्गे तच्चे भूदे भविस्से अक्खे पक्खे जिणपार्श्वे श्रीं (रमाक्षर) ह्रीं (मायाबीज) क्लीं (वधूबीज) कर्णपिशाचिनि—इसके अंतमें नमः लिखे और आदिमें ओं लिखे तो “ॐ जोगे मग्गे तच्चे भूदे भविस्से अक्खे पक्खे जिणपार्श्वे श्रीं ह्रीं क्लीं कर्णपिशाचिनि नमः” ऐसा कर्णपिशाचिनी मंत्र हुआ। यह मंत्र यंत्रके चारों तरफ लिखे।११।१२। फिर ब्रह्मचर्यव्रत धारण करके यंत्रको सामने रखकर बारह हज़ार चमेलीके फूलोंसे मंत्र जपे पश्चात् रातमें विधिपूर्वक बारह सौ आहूतियां अग्निमें देवे— ऐसा करनेसे उस ब्रह्मचारीको कर्णपिशाचिनी विद्या सिद्ध हो जाती है॥ १३ ॥ ऊपरको नेत्र किये हुए जो मंत्र साधनेवाला ओंकार रूप अनाहत अक्षरसे वेढी हुई इस विद्याको ध्यानपूर्वक जपता है वह जाग्रत अवस्था और शयनअवस्था दोनोंमेंही शुभ अशुभ सुनता है और देखता है॥१४॥ जो उपवास करके ओं ह्रीं आदि पंच-

भूपातालक्षेत्रपीठवास्तुद्वारशिलार्चनाः। कृत्वा नरं प्रवेश्यार्च्यां न्यस्यात्रारोपयेद् ध्वजम्॥१६॥
जैनं चैत्यालयं चैत्यमुत निर्मापयन् शुभम्। वांछन् स्वस्य नृपादेश्च वास्तुशास्त्रं न लंघयेत् १७
रम्ये स्निग्धं सुगंधादिदूर्वाद्याढ्यां स्वतः शुचिम्। जिनजन्मादिना वास्ये स्वीकुर्याद्भूमिमुत्तमाम्
खात्वा हस्तमधः पूर्णे गर्ते तेनैव पांशुना। तदाधिक्यसमोनत्वे श्रेष्ठा मध्याधमा च भूः॥ १९ ॥

नमस्कार मंत्रका जाप करता हुआ सो जावे और उस सोती हुई अवस्थामें मुनि गाय आदिको देखे तो शुभफल कहे और शकुन शास्त्रमें कही हुई अशुभ वस्तुओंको देखे तो अशुभ फल कहे ॥ १५ ॥ अपनी भूमि पातालभूमि पूरितभूमि चौकी देवगृह शिला—इनकी पूजा करके सोनेके बनाये हुए मनुष्याकार पुतलेको[1] रख उसकी पूजा करके बाद ध्वजा चढावे ॥ १६ ॥ जो अपना और राजा प्रजाका कल्याण चाहता है उसे वास्तुशास्त्रके[2] अनुसारही जिनमंदिर और जिन प्रतिमाको बनवाना चाहिये ॥ १७ ॥ ऐसी जमीनको मंदिर बनवानेके लिये पसंद करे कि जो चिकनी हो तथा सुगंधीसे या दूव वगैरः घाससे या तो स्वयं शुद्ध हो या जिनेन्द्रके किसी एक कल्याणकसे पवित्र हो ॥ १८ ॥ वह भूमि एक हाथ गहरी और एक हाथचौडी खोदे उससमय उसी निकली हुई मट्टीसे गढा भरदे जब खड्डा भरनपरे अधिक मट्टी मालूम पड़े तब समझना चाहिये कि भूमि उत्तम है, समान होवे तो मध्यम तथा कम

---

१ इस पुतलेकी विधि आगे कही जावेगी। २ घर वगैरः बनानेकी विधि बतलानेवाला शिल्पिशास्त्र।

प्रदोपैः कटसंरुद्धसमीरायां च तद्भुवि । ओंहूं फडित्यस्त्रमंत्रत्रातायामामभाजने ॥ २० ॥
आमकुंभोर्ध्वगे सर्पिःपूर्णे पूर्वादितःसिताम्।रक्तां पीतां शितिं न्यस्य वर्तिसर्वाः प्रबोध्य ताः २१
अनादिसिद्धमंत्रेण मंत्रयेदाघृतक्षयात् । शुद्धं ज्वलंतीषु शुभं विध्यातीष्वशुभं वदेत्॥२२॥
एवं संगृह्य सद्भूमिं सुदिनेऽभ्यर्च्य वास्त्वधः । संशोध्याध्यर्धमंभोश्मप्राग्धरावधि वा तथा २३
पातालवास्तु संपूज्य प्रपूर्याधाप्य तां समाम्।प्रासादं लोकशास्त्रज्ञो दिशः संसाध्य सूत्रयेत् २४

होवे–गढा न भर सके तो खराब-अशुभ करनेवाली जमीन समझनी चाहिये ॥ १९ ॥ सूर्य छिपनेके बाद चटाईके परकोटेसे हवाको रोककर उस जगहकी 'ओं हूं फट्' इस कुदालादि अस्त्रमंत्रसे रक्षा करे ॥ २० ॥ पुनः उसकी पूर्वादि चारों दिशाओंमें कच्चे मट्टीके चार घड़े रक्खे उनपर कच्चे सरवे घीसे भरे हुए रक्खे उनमें सफेद लाल पीली काली वत्ती पूर्वादि दिशाओंके क्रमसे डाले फिर सबको जलावे ॥ २१ ॥ जबतक घी रहे तबतक अनादि सिद्धमंत्रसे मंत्रित करै । वत्तियां साफ जलतीं हों तो शुभफल कहना और यदि बुझतीं हुई मालूम पड़ें तो अशुभ फल कहना चाहिये ॥ २२ ॥ इसप्रकार उत्तम भूमिको तलाशकर शुभ दिनमें उसकी खोदी हुई नींवकी पूजा करके उसे शुद्ध करे । फिर पत्थर वगैरः के टुकडोंसे भरकर पहली भूमिके बराबर करले इस तरह व्यवहार शास्त्रका जाननेवाला दिशाओंको विचार कर जिन भवनका निर्माण करावे ॥ २३ ॥ २४ ॥

चतुरस्रे कृते पंचवर्णचूर्णेन मंडले । चतुर्द्वारेऽष्टपत्राब्जगर्भे न्यस्यांबुजोदरे ॥ २५ ॥
जिनादीन् मंगलैर्लोकोत्तमैश्च शरणैर्युतान् । अनादिसिद्धमंत्रेण पूजयेद्दिग्दलेष्वनु ॥ २६ ॥
देवीर्जयाद्या जंभाद्या विदिक्पत्रेषु तद्बहिः । लोकपालान् यजेद्दिक्षु स्वस्वमंत्रैस्तथा ग्रहान्२७
तत्र संस्थाप्य सत्पीठे जिनार्चां समहोत्सवाम् । प्रीतः प्रीतेन संघेन संयुक्तो याजकोत्तमः२८
संस्नाप्यादाय गंधांबुचरुपुष्पाक्षतादिकम् । दद्याद्बलिं स्वमंत्रेण विश्वविघ्नोपशांतये ॥ २९ ॥
एवं स्थंडिलपातालवास्तुपूजाद्वयोत्तरम् । विधाप्य मसृणं क्षेत्रमित्थं तद्वास्तु पूजयेत् ॥३०॥

इति स्थंडिलपातालवास्तुद्वयपूजाविधानम् ।

उस जिन मंदिरके चारों दरवाजोंके सामने पांच रंगके चूर्णसे चौकोन मांडला बनावे और आठ पांखुडीके कमलके आकार तांबेके पात्रमें लोकोत्तम शरणरूप जिन आदिको अनादि सिद्ध मंत्रसे पूजे ॥ २५ ॥ २६ ॥ उसके बाद दिशाओंके चार पत्रोंपर जया आदि देवियोंका और विदिशाओंके चार पत्रोंपर जंभा आदि देवियोंका तथा उसके बाहर चार लोकपालोंका और नव ग्रहोंका अपने २ मंत्रोंसे पूजन करे ॥ २७ ॥ फिर उत्तम सिंहासनपर जिन भगवानकी प्रतिमाको विराजमान करके वह उत्तम यजमान (पूजा करानेवाला) प्रेमयुक्त श्रावकादि समूहसे घिरा हुआ प्रसन्न चित्तसे जिन पूजा करे ॥ २८ ॥ पहले तो सुगंधित जलसे अभिषेक करे पश्चात् जल चंदन अक्षतादि आठ द्रव्य लेकर अपने २ मंत्रसे सब विघ्नोंकी शांतिके लिये पूजा करे ॥ २९ ॥ इस प्रकार चबूतरा और

रेखाभिस्तिर्यगूर्ध्वाभिर्वज्राग्राभिः सुलेखिते । एकाशीत्यष्टपत्राब्जगर्भकोष्ठेऽत्र मंडले ॥ ३१ ॥
यजेन्मध्याम्बुजेनादिसिद्धमंत्रेण सद्गुरून् । जयादिदेवीः स्वैर्मंत्रैः पत्रेषु बहिरष्टसु ॥ ३२ ॥
षोडशस्वर्गेष्वद्व्याद्देवीः शासनदेवताः । द्विर्द्वादशेषु द्वात्रिंशत्पत्रेष्विंद्रानतो बहिः ॥ ३३ ॥
इंद्रादीन् दिक्षु यज्यांश्च वज्राग्रेषु ततो ग्रहान् । जिनार्चां तत्र पीठस्थां संस्नाप्याभ्यर्च्य पूर्ववत् ३४
सर्वौषधीपंचरत्नमिश्रतीर्थाम्बुपूरितान् । पंचताम्रमयान् कुंभान् दधिदूर्वाक्षतार्चितान् ॥३५॥

नीचकी भूमि–इन दोनोंकी पूजाकरके चीकनी जगह करावे ॥ ३० ॥ इस प्रकार चबूतरा और नीचकी भूमि–इन दोनोंकी पूजाका विधान समाप्त हुआ । उसके बाद बृहत्शांति नाम एक चौकोण मंडल बनावे उसकी विधि इस प्रकार है कि पहले तो उसके चारों तरफ इक्यासी लकीरें अग्रभागमें वज्र चिह्न वाली खींचे फिर उस कोठेके बीचमें आठ पत्तेवाला कमल बनावे ॥ ३१ ॥ उस कमलके मध्यमें पंच परमेष्ठियोंको स्थापन करके अनादि सिद्ध मंत्रसे पूजा करे । उसके बाद आठ कमलपत्रोंपर स्थित जया आदि आठ देवियोंकी पूजा करे॥३२॥ पश्चात् रोहिणी आदि सोलह विद्या देवियोंके चक्रेश्वरी आदि चौबीस शासन देवताओंके कोठे तथा बत्तीस यक्षोंके कोठे खींचे । उसके बाद चारों दिशाओंमें इंद्र वरुण आदि चार दिक्पालोंको स्थापन करे फिर वज्रके आगेके भागमें नव ग्रह स्थापन करना चाहिये । उस मध्य कमलके ऊपर सिंहासन रखे उसपर जिनप्रतिमा रखकर उसका अभिषेक पूर्वक पूजन करना चाहिये ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ उसके बाद चारों कोनोंमें चार शिला तथा एक

तत्रारोप्यैकशोनादिसिद्धमंत्रेण मंत्रयेत्। ततस्तन्न्यासदेशेषु सूतश्रीखंडकुंकुमम् ॥ ३६ ॥
क्षित्वा प्रागेकमुत्क्षिप्य क्षेत्रगर्भे न्यसेत्तथा । पृथक्कोणेषु चतुरस्ततः पंच शिलाः पृथक् ॥३७॥
जिनादिमंत्रैरभ्यास्य सुलग्ने तेषु विन्यसेत् । ततः प्रतोष्य शिल्प्यादीन स्वक्षेत्रे भ्रामयेद्बलिम् ३८
पीठबंधेऽप्यसावेव विधिः कृत्स्नो विधीयताम् । विकुंभो देहलीपद्मशिलयोश्च निवेशने ॥३९॥

इति पीठबंधादित्रयप्रतिष्ठाविधानम् ।

भीतर (सिंहासनके पास) इस तरह पांच शिला अथवा पकी हुई ईंटें रक्खे । उसके ऊपर शुभ लग्नमें पांच तांबेके कलशोंको क्रमसे रखे उनके अंदर सर्वौषधी, पांच तरहके रत्नोंसे मिला हुआ नदी या कुएका जल भरा रहना चाहिये और घड़ोंके रखनेके स्थानपर पारा-घिसा हुआ चंदन कुंकु रखे और सबको अनादिसिद्ध जिनादि(णमोकार)मंत्रसे मंत्रित करे । उसके बाद कारीगरोंको द्रव्यादिसे प्रसन्न करके अपने मंडलके आगे पूजाकरे ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ॥ ३७ ॥३८॥ इस प्रकार जिनादि मंत्र तथा शिला रखनेकी विधि पूर्ण हुई । वेदीके बांधनेमें (रचनामें) भी यही विधि करनी चाहिये और देहलीकी शिला तथा वेदीकी कमलाकार गुमठीकी शिलाके रखनेमें भी पूर्वकथित विधि करनी चाहिये । परंतु देहलीके दरवाजे की तथा गुमठीकी कमलाकार शिलाके पिछले भागमें जया आदिके देवियोंकर सहित

१ ओं ह्रॉं नमोऽर्हद्भ्यः स्वाहा, ओं ह्रीं नमः सिद्धेभ्यः स्वाहा, ओं ह्रूं नमः सूरिभ्यः स्वाहा, ओं ह्रौं नमः पाठकेभ्यः स्वाहा, ओं ह्रः नमः सर्वसाधुभ्यः स्वाहा । जिनादिमंत्राः खरशिलानिवेशनं ।

देहल्यग्रशिलापृष्ठे जयाद्यष्टदलांबुजम् । संपूज्याप्लवयेच्चार्हत्सूताभस्तीर्थवार्घटैः ॥ ४० ॥
अथ किंचिद्पर्याप्ते प्रासादे दक्षुणक्षणे । कारापकादिक्षेमार्थं पुरुषं संप्रवेशयेत् ॥ ४१ ॥
शुकनासोर्ध्वपर्यंतवेदिकाधस्तलांतरे । गर्भेपवरके कृत्वा वेदिकां तत्र विन्यसेत् ॥ ४२ ॥
मध्ये ताम्रमयं कुंभं वस्त्रयुग्मेन वेष्टितम् । क्षीराज्यशर्करापूर्णं गंधपुष्पाक्षतार्चितम् ॥ ४३ ॥
स्थिरं संस्थाप्य तन्मध्ये प्रक्षिपेद्रत्नपंचकम् । सर्वौषधीश्च धान्यानि पारदं लोहपंचकम्॥४४॥
सौवर्णं वाथवा रौप्यं कारयित्वा नरं ततःसंस्नाप्याज्यादिसद्द्रव्यैःसमभ्यर्च्याक्षतादिभिः४५

आठ पत्रोंवाला कमल पूजकर अर्हंत देवके अभिषेकके जलसे उन शिलाओंको धोना चाहिये ॥ ३९ ॥ ४० ॥ इसप्रकार वेदीबंध आदि तीनोंकी प्रतिष्ठाकी विधि जानना ॥ अब पुतलेके प्रवेश करनेकी विधि कहते हैं,-उसके बाद अपने संपूर्ण लक्षणोंसे युक्त जिन-मंदिर तयार होनेमें कुछ रह जावे तभीसे शिल्पी वगैरःके कल्याणकेलिये मनुष्याकार पुतलेका प्रवेश करे ॥४१॥ उसकी विधि इस प्रकार है कि तोतेका समान नाकवाली पद्मशिलाके ऊपरके भाग और वेदीके निचले भोगके बीचमें रहनेका स्थान (कमरा) वनाके उसमें प्रतिमा विराजमान होनेकी वेदीको रखे ॥४२॥ उसके बीचमें तांबेका घडा दो वस्त्रोंसे ढका हुआ रक्खे उस घड़ेमें दूध घी शक्कर भरदे और चंदन पुष्प अक्षतसे पूजन करे।उस घडेको स्थिर रखकर उसमें पांच तरहके रत्न, सर्व औषधी सब अनाज पारा लोहा आदि पांच धातुएं भरदे ॥४३॥४४॥ अनंतर सोंना अथवा चांदीका मनुष्याकार पुतला वनवाके उसे घी आदि उत्तम द्रव्योंसे स्नान

तूलोपधानयुक्तायां सुशय्यायां निवेश्य च। अनादिसिद्धमंत्रेण सम्यक् तत्राधिवासयेत् ४६
पूर्वोक्तविधिना कृत्वा जिनेंद्रार्चाभिषेचनम्। ततस्तं सम्यगुत्क्षिप्य विलग्नांशोदये शुभे॥४७॥
कृत्वा महोत्सवं तत्र कुंभे तं स्थापयेन्नरम्। एतत्कारापकादीनां विधानं शुभदं भवेत्॥४८॥

इति पुरुषप्रवेशनविधानम्।

धाम्नि सिद्ध्यति सिद्धे वा सेत्स्यत्यर्चाकृते शिलाम्। अन्वेष्टुं सेष्टशिल्पींद्रःसुलग्नशकुने व्रजेत् ४९
प्रसिद्धपुण्यदेशोत्था विशाला मसृणा हिमा। गुर्वी चार्वी दृढा स्निग्धा सद्गंधा कठिना घना ५०

कराके अक्षतादिसे पूज पटसूत्र (निवाड) से बुनी हुई रुईके गद्दे तकिये सहित सेज (खाट) पर रख अनादि सिद्धमंत्र पढकर लिटावै फिर जिनेन्द्रदेवका अभिषेक पूर्वक पूजन करके शुभलग्नके भवांशके उदयमें उच्छव सहित उस मनुष्यकार पुतलेको उस घडेमें रखे। ऐसा विधान करनेसे कारीगरोंको कोई विघ्न नहीं आता शुभफल होता है ॥ ४५। ४६ ॥ ॥ ४७। ४८ ॥ उसके पश्चात जिनमंदिर तयार होरहा हो हो गयाहो या कुछ देरी हो पूजन करके उत्तम प्रतिष्ठमावनानेवाले कारीगरको साथ लेकर शुभलग्न तथा शुभशकुनमें प्रतिमाके लिए शिला लेनेको पहाडपर जाना चाहिये ॥ ४९ ॥ अर्हंत प्रतिमाके लिये बहुत उत्तम मोटी शिला होनी चाहिये। तथा वह शिला प्रसिद्ध पवित्र जगह वाली हो बडी हो, चिकनी हो, ठंडी हो, मोटी हो, सुंदर हो, मजबूत हो, अच्छी गंधवाली हो, ठोस हो,

सद्वर्णात्यंततेजस्का विंदुरेखाद्यदूषिता । सुस्वादा सुस्वरा चार्हद्बिंबाय प्रवरा शिला ॥ ५१ ॥
तां प्राप्य भूवत् कृत्वार्चां प्रोक्ष्यमंत्रेण पूजिताम् । विभिद्यौंहूं फट् स्वाहेद्धशस्त्राग्रेणार्चयेत् पुनः ५२
गृहमेत्य ततो भूवत्तां शुभामशुभामपि । स्वस्य ज्ञातुं निशारंभे निमित्तमवलोकयेत् ॥ ५३ ॥
स्नात्वैकांते शुचौ देशे लिप्त्वा गंधैः शुभैः करौ । विधाय सिद्धभक्तिं च ध्यायेन्मंत्रमिमं हृदि ५४
ओं नमोस्तु जिनेंद्राय ओं प्रज्ञाश्रवसे नमः । नमः केवलिने तुभ्यं नमोस्तु परमेष्ठिने ॥ ५५ ॥

अच्छे रंगवाली हो अधिक चमकवाली हो, विंदुरेखा आदि दोषोंसे रहित हो अच्छा स्वाद तथा अच्छी ध्वनि जिसमें हो–ऐसी शिला होनी चाहिये॥५०॥५१॥उसको लेकर और उससे भूमिकी तरह पूजकर प्रोक्षणमंत्रसे उसे धोकर ओं ह्रूं फट् स्वाहा इस शस्त्रमंत्रसे शिला तराशनेके हथियारसे उसे निकाले ॥ ५२ ॥ फिर घरपर जाकर जिनमंदिरकी भूमिकी तरह उस शिलाके शुभ अशुभ जाननेके लिये रात्रिके आरंभमें अष्टांग निमित्तोंको विचारै ॥५३॥ स्नान करके एकांत शुद्ध स्थानमें शुभ गंध द्रव्यको हाथपर लगाके सिद्धभक्ति पढकर इस आगे कहेजानेवाले मंत्रश्लोकका मनमें ध्यानकरे ॥ ५४ ॥ वह इस प्रकार है—ओं जिनेंद्र देवको नमस्कार है ओं प्रज्ञाश्रवण केवली परमेष्ठिन् तुमको नमस्कार है । दिव्य शरीरवाली हे देवी मुझे स्वप्नमें शुभ अशुभ कार्यको कह । इस दिव्यमंत्रसे उस शिलाको शुभ (कल्याण-

---

१ ओं क्षं पं ङः पः क्ष्वीं क्ष्वीं स्वाहा । प्रोक्षणमंत्रः । ओं ह्रूं फट् स्वाहा इति शस्त्रमंत्रः ।

स्वप्ने मे देवि दिव्यांगे ब्रूहि कार्यं शुभाशुभम् । अनेन दिव्यमंत्रेण शुभां ज्ञात्वा नयेच्च ताम्५६
प्रातस्तत्र पुनर्गत्वा कृत्वा प्राग्वद्विधिं रथे । सप्तकृत्वोभिमंन्त्र्याधिरोपितां तां प्रचालयेत् ॥५७॥
यथा कोटिशिला पूर्वं चालिता सर्वविष्णुभिः । चालयामि तथोत्तिष्ठ शीघ्रं चल महाशिले॥५८॥

इति शिलाभिमंत्रणमंत्रः ।

जिनालयं परीत्य त्रिःप्रवेश्यात्युत्सवेन ताम्। स्वह्नि सिक्त्वा स्वौषधीभिःसिद्धशांतिस्तुती भजेत्
क्रमो यथार्हं योज्योऽयं दारुधात्वादिनापि च । निर्मापयिष्यमाणेऽर्हद्बिंबे सिद्धेथवाऽऽगते ॥६०॥

इति शिलानयनविधानम् ।

कारिणी) जानकर लाना चाहिये ॥ ५५ । ५६ ॥ प्रातः कालके समय रथको लेजाकर वहां पूजनादिविधि करके सातवार उस शिलाको अनादि सिद्ध मंत्रसे मंत्रित करे। फिर उसको वहांसे आगे कहे हुए मंत्रको पढकर उठावे ॥ ५७ ॥ हे महाशिले ! जिस तरह लक्ष्मण कृष्ण आदि नौ नारायणोंने कोटि (करोडमन वजनवाली) शिला पूर्वसमयमें उठाई थी । उसी तरह मैं भी तुझे मूर्ति बनवानेके लिये उठाता हूं। सो तू जल्दी उठ ,, ऐसा मंत्र कहकर उस शिलाको उठाके रथमें विराजमान करे ॥ ५८ ॥ इस प्रकार शिलाभिमंत्रण मंत्र कहा । वहांसे उत्सवके साथ जिनमंदिरमें लावे और उसकी तीन प्रदक्षिणा देकर शुभ दिनमें उत्तम औषधियोंसे शिलाको धोकर मंदिरमें रक्खे उसके बाद सिद्धस्तुति शांति विधान करे ॥ ५९ ॥ जैसा क्रम (विधि)

सुलग्ने शांतिकं कृत्वा सत्कृत्य वरशिल्पिनम्। तां निर्मापयितु जैनं विंबं तस्मै समर्पयेत्॥६१॥
सद्दृष्टिर्वास्तुशास्त्रज्ञो मद्यादिविरतः शुचिः।पूर्णांगो निपुणःशिल्पो जिनार्च्यायां क्षमादिमान्६२
शांतप्रसन्नमध्यस्थनासाग्रस्थाविकारदृक् । संपूर्णभावरूपानुविद्धांगं लक्षणान्वितम् ॥ ६३ ॥
रौद्रादिदोषनिर्मुक्तं प्रातिहार्यांकयक्षयुक् । निर्माप्य विधिना पीठे जिनविंबं निवेशयेत्॥६४॥

पत्थरकी शिलाका कहागया है वैसा ही काष्ठ और धातु वगैरःके अर्हंतबिंब व सिद्धादिविं-बोंके तयार करानेमें व तयार होके दूसरे स्थानसे आये हुए विंबमें । जानना इसप्रकार शिला वगैरःके लानेका विधान पूर्ण हुआ ॥ ६० ॥ उसके वाद शुभलग्नमें शांति विधान करके चतुर कारीगरको आदरपूर्वक लाकर जिनविंब तयार करानेके लिये शिलाको उसे सुपुर्द करदे ॥ ६१ ॥ जो अच्छी निगाहवाला हो शिल्प शास्त्रको जानने वाला, मदिरा मांस आदि निंद्य वस्तुओंका त्यागी हो, मनवचन कायसे शुद्ध हो शरीरके अवयवोंसे पूर्ण हो चतुर हो क्षमा आदि गुणोंवाला हो वह शिल्पी जिन प्रतिमाके वनाने योग्य कहा गया है ॥ ॥ ६२ ॥ जो शांत, प्रसन्न, मध्यस्थ, नासाग्रस्थित अविकारी दृष्टिवाली[1] हो जिसका अंग वीतरागपने सहित हो अनुपम वर्ण हो और शुभ लक्षणों सहित हो । रौद्र आदि[2] बारह

---

१ उक्तंच—नात्यंतोन्मीलितास्तब्धा न विस्फारितमीलिता । तिर्यगूर्ध्वमधोदृष्टिं वर्जयित्वा प्रयत्नतः ॥ नासाग्रनि-हिता शांता प्रसन्ना निर्विकारिका । वीतरागस्य मध्यस्था कर्तव्या दृष्टिरुत्तमा ॥२ रौद्र, कृशांग, संक्षिप्तांग, चिपिटनासिक, विरूपकनेत्र, हीनमुख, महोदर, महाहृदय, महांस, महाकटी, महापाद, हीनजंघा, शुष्कजंघा—ये दोष हैं ।

स्थापितस्याचलस्थाने पीठस्याक्षूणलक्ष्मणः । नयेत्समीपं प्रतिमां तत्रारोपयितुं स्थिराम् ॥६५॥
सौवर्णं राजतं ताम्रं शैलं वा चतुरस्रकम् । रम्यं पत्रं विनिर्माप्य सदलं मसृणं तथा ॥६६॥
तिर्यगूर्ध्वाग्ररेखाभिर्वज्राग्राभिः समालिखेत् । मंडलं व्येकपंचाशत्कोष्ठकं श्लक्ष्णरेखकम् ॥६७॥
अकारादि हकारांतं कोष्ठेष्वेकैकमक्षरम् । बाह्यकोणस्थितात्कोष्ठात् प्रादक्षिण्येन संलिखेत् ॥६८॥
मध्यमे कोष्ठके तत्र हंकारं सोर्ध्वरेफकम् । जयादिदेवताधिष्ठपत्रपद्मस्य मध्यगम् ॥ ६९ ॥
वज्राग्रे प्रणवं दद्यात्कामबीजं तदंतरे । त्रिर्मायामात्रयावेष्ट्य निरुंध्यादंकुशेन तु ॥ ७० ॥

दोषोंसे रहित हो अशोक वृक्षादि प्रातिहार्योंसे युक्त हो और दोनों तरफ यक्ष यक्षीसे वेष्टित हो ऐसी जिन प्रतिमाको बनवाकर विधि सहित सिंहासनपर विराजमान करे ॥ ६३ । ६४ ॥ वह विधि इसतरह है कि निश्चल स्थानमें रखे हुए सिंहासनके ऊपर निर्दोष लक्षणवाली प्रतिमाको स्थिर रूपसे विराजमान करे ॥ ६५ ॥ फिर सोना चांदी तांबा पत्थर—इनमेंसे किसी एकका चौकोन चिकना पत्र बनवावे उसपर सीधी तिरछी अग्रभागमें वज्र चिन्हवाली आठलकीरें खींचे उसमें उनचास कोठोंवाला सीधी रेखाओंकर युक्त एक मंडल खींचे ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ उन कोठोंमें अकारसे लेकर हकारतक एक एक अक्षरको लिखे ॥ ६८ ॥ बीचके कोठेमें ' हं ' लिखकर उसके चारों तरफ आठदलका कमल बनावे उसमें जया आदि आठ देवताओंका स्थापन करे ॥ ६९ ॥ वज्रके अगाडीके भागमें ' ओं ' लिखै दो वज्रोंके मध्यमें ' ह्रीं ' लिखे और ईकारसे तीनवार चारों तरफसे घेरकर ' क्रौं ' इस अंकु-

एवं विलिख्य संस्नाप्य यंत्रं क्षीरेण चांबुना। सुगंधिद्रव्यमिश्रेण चंदनेनानुलेपयेत् ॥७१॥
सत्पुष्पाक्षतनैवेद्यदीपधूपफलैर्यजेत् । सुगंधिप्रसवैस्तत्र जप्यमष्टोत्तरं शतम् ॥ ७२ ॥
संजप्य मातृकावर्णमालामंत्रेण तत्त्वतः। ओं नमोऽर्हमुखं ह्रीं क्लीं क्रौं स्वाहांतेन तत्स्मरेत् ॥७३॥
पत्रमध्ये च यत्पद्मं पीठे गंधेन तल्लिखेत्। कर्पूरं कुंकुमं गंधं पारदं रत्नपंचकम् ॥ ७४ ॥
क्षिप्त्वातपत्रमारोप्य प्रतिमां स्थापयेत्ततः। स्थिरप्रतिष्ठाविधये दिने लग्ने च शोभने ॥ ७५ ॥

शसे ढकन लगावे॥ ७० ॥ इस प्रकार यंत्रको लिखकर सुगंधी द्रव से युक्त दू और जलसे यंत्रका अभिषेक कर चंदनका लेप करे ॥ ७१ ॥ अक्षत पुष्प नैवेद्य दीप धूप फल—इन आठ द्रव्योंसे यंत्रकी पूजा करे और सुगंध वाले चमेली आदिके फूलोंसे एकसौ आठवार आगे कहे जाने वाले मंत्रका जाप करे ॥ ७२ ॥ वह मंत्र इस तरह है कि " ओं नमो र्हं " इस पदको पहले रक्खे बीचमें अकारादि वर्ण मालाके अक्षरोंको और अंतमें "ह्रीं क्लीं क्रौं स्वाहा" इस पदको रखे—तव " ओं नमो र्हं अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट ठ ड ढ ण त थ द ध न प फ ब भ म य र ल व श ष स ह ह्रीं क्लीं क्रौं स्वाहा " ऐसा जपनेका मंत्र हुआ ॥ ७३ ॥ उस तांबेके पत्रमें लिखा हुआ जो कमल है उसे घिसे हुए चंदनसे सिंहासनपर भी लिखै और कपूर कुंकु चंदन पारा पांचतर-

---

१ ओं नमोऽर्हं अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः । क ख ग घ ङ । च छ ज झ ञ । ट ठ ड ढ ण । त थ द ध न । प फ ब भ म । य र ल व । श ष स ह ह्रीं क्लीं क्रौं स्वाहा ॥ इति जपमंत्र ॥

स्थापयेदर्हतां छत्रत्रयाशोकप्रकीर्णकम् । पीठं भामंडलं भाषां पुष्पवृष्टिं च दुंदुभिम् ॥ ७६ ॥
स्थिरेतरार्चयोः पादपीठस्याधो यथायथम् । लांछनं दक्षिणे पार्श्वे यक्षं यक्षीं च वामके॥७७॥
गौर्गजोऽश्वः कपिः कोकः कमलं स्वस्तिकः शशी । मकरः श्रीद्रुमो गंडो माहिषः कोलसेधिकौ ॥७८
वज्रं मृगोऽजष्टगरं कलशः कूर्म उत्पलम् । शंखो नागाधिपः सिंहो लांछनान्यर्हतां क्रमात् ७९
सितौ चंद्रांकसुविधी श्यामलौ नेमिसुव्रतौ । पद्मप्रभसुपूज्यौ च रक्तौ मरकतप्रभौ ॥ ८० ॥

हके रत्न उसमें डाले ऊपर छत्र लगावे तव प्रतिमाको सिंहासनपर विराजमान करे । यह विधि प्रतिष्ठाके निर्विघ्न समाप्तिकेलिये कही गई है । सो इसे शुभदिन और शुभ लग्नमें करे ॥ ७४ ॥ ७५ ॥ इसप्रकार वेदीपर सिंहासनमें प्रतिमा विराजमान करनेकी विधि पूर्ण हुई । फिर अर्हत प्रतिमाको तीन छत्र दो चमर अशोक वृक्ष दुंदुभी बाजा सिंहासन भामंडल दिव्य भाषा पुष्पवर्षा—इन आठ प्रातिहार्योंसे शोभित करे॥७६॥ उसके बाद स्थिर और चल दोनों प्रतिमाओंमें सिंहासनके नीचे जैसा शास्त्रमें कहा है वैसे ही सीधी बाजूमें भगवानके चिन्हको और बाईं तरफ यक्ष और यक्षीको खडा करे ॥ ७७ ॥ अर्हतोंके शरीरके चिन्ह क्रमसे बैल १ हाथी २ घोडा ३ बंदर ४ चकवा ५ कमल ६ साथिया ७ चंद्रमा ८ मगर ९ श्रीवृक्ष १० गैंडा ११ भैंसा १२ सूअर १३ सेही १४ वज्र १५ हरिण १६ बकरा १७ मच्छ१८कलश१९कछुआ २० कमलकी पांखुरी २१ शंख २२ सर्प २३ सिंह २४—ये चौबीस हैं । इनमेंसे जिस भगवानका जो चिन्ह है उसे सिंहासनके नीचे भागमें खुदाना चाहिये ॥ ७८ ॥ ७९ ॥ ऋष-

सुपार्श्वपार्श्वौ स्वर्णाभान् शेषांश्चालेखयेत्स्मरेत् । न वितस्त्यधिकां जातु प्रतिमां स्वगृहेर्चयेत् ८१
स्थिरां स्थाने निवेश्यार्चां चलां वा यागमंडले । प्रतिष्ठाचार्ययष्टारौ स्थापयेतां यथाविधि ८२
नार्चां श्रितानिष्टरूपां व्यंगितां प्राक् प्रतिष्ठिताम् । पुनर्घटितसंदिग्धां जर्जरां वा प्रतिष्ठयेत् ॥८३॥

आदि चौवीसों तीर्थंकरोंका रंग क्रमसे कहते हैं—चंद्रप्रभ, पुष्पदंत-ये दोनों सफेद रंगके हैं नेमिनाथ, सुव्रतनाथ-ये काले रंगवाले हैं। पद्मप्रभु, वासुपूज्य इनका लालरंग है। सुपार्श्व पार्श्वनाथ-नीले रंगवाले हैं और बाकी बचे हुए सोलह तीर्थंकरोंका शरीर तपाये हुए सोनेके रंगवाला है। अपने घरके चैत्यालयमें एक विलस्तसे अधिक परिमाणवाली प्रतिमा नहीं रखे जैनमंदिरमें ही रखकर पूजनकरे ॥ ८० ॥ ८१॥ स्थिर प्रतिमाको अपने पूज-नस्थानमें चलप्रतिमाको यागमंडलमें रखकर इंद्र और यजमान विधिपूर्वक प्रतिष्ठा करें ॥ ॥ ८२ ॥ ऐसी प्रतिमा प्रतिष्ठायोग्य नहीं है कि जो पहलेकी प्रतिष्ठित हो, जिनलिंगके सिवाय दूसरा आकार हो, पहले शिव आदि आकार बना हो फिर फोडके जिनदेवका आकार किया गया हो, अथवा उसके आकारमें संदेह हो कि जिनबिंब है या दूसरा आकार है, और बिलकुल जीर्ण होगई हो ॥ ८३ ॥

१ अथात· संप्रवक्ष्यामि गृहबिंबस्य लक्षणम् । एकांगुलं भवेच्छ्रेष्ठं द्व्यंगुलं धननाशनम् ॥ त्र्यंगुले जायते वृद्धिः पीडा स्याच्चतुरंगुले । पंचांगुले तु वृद्धिः स्यादुद्वेगस्तु षडंगुले ॥ सप्तांगुले गवां वृद्धिर्हानिरष्टांगुले मता । नवांगुले पुत्रवृद्धिर्धननाशो दशांगुले ॥ एकादशांगुलं बिंबं सर्वकामार्थसाधकम् । एतत्प्रमाणमाख्यातमत ऊर्ध्वं न कारयेत् ॥ इति ग्रंथांतरेप्युक्तम् ।
२ द्वादशांगुलपर्यंते यवाष्टांशानतिक्रमात् । स्वगृहे पूजयेद्बिंबं न कदाचित्ततोधिकम् ॥

श्रुतेन सम्यग्ज्ञातस्य व्यवहारप्रसिद्धये। स्थाप्यस्य कृतनाम्नोंतःस्फुरतो न्यासगोचरे ॥ ८४ ॥
साकारे वा निराकारे विधिना यो विधीयते।न्यासस्तदिदमित्युक्त्वा प्रतिष्ठा स्थापना च सा॥८५

इति प्रतिष्ठालक्षणम्।

स्थाप्यं धर्मानुबंधांगं गुणी गौणगुणोथवा। गुणो गौणगुणी तत्र जिनाद्यन्यतमो गुणी ॥ ८६ ॥
गुणो निःस्वेदतादिः स्याद्बाह्यो ज्ञानादिरांतरः। सोऽर्हतां पंचकल्याणद्वारेणादौ प्रपंच्यते॥८७॥
गर्भावतारजन्माभिषेकनिष्क्रमणोत्सवान्। वृत्तान् ज्ञानशिवोद्भवौ भाव्यौ विधेर्हतोर्पयेत्॥८८॥
कल्याणे प्रथमे श्रैदी रत्नवृष्टिस्तथोपदा। मातुःश्र्यादिकृतागर्भशोधनादिरुपासना ॥ ८९ ॥

जिसकी स्थापना करना हो उसका स्वरूप शास्त्रसे अच्छीतरह जानकर व्यवहारमें प्रसिद्धिकेलिये पाषाण आदिमें उसके गुणोंके स्मरण करनेको नाम रखना। चाहें वह उसी तरहके आकारवाली मूर्ति हो। या निराकार हो उसे ही प्रतिष्ठा अथवा स्थापना कहते हैं॥८४॥ ॥ ८५ ॥ जिसकी स्थापना की जावे वह गुणी धर्मका कारण हो। उसमें भी अर्हंतके गुण बाह्य निःस्वेदता (पसेव रहितपना) आदि हों तथा अंतरंग ज्ञानादि हों। इसी तरह जिसकी मूर्ति हो उसमें उसीके गुणोंकी स्थापना करनी चाहिये। यहांपर सबसे पहले तीर्थंकर प्रभुकी पंचकल्याणकोंके द्वारा प्रतिष्ठाविधि वर्णन करते हैं॥८६।८७॥ गर्भावतरण, जन्माभिषेक, तपकल्याणक ज्ञानकल्याणक,और मोक्षकल्याणक–ये पंचकल्याणक अर्हंतकी प्रतिमामें स्थापनकरे। अर्थात् अप्रतिष्ठित अर्हंत प्रतिमाके पांचों कल्याणउत्सव विधिपूर्वक करे ॥ ८८ ॥ पहले गर्भा-

स्वमानंदानुबंधश्च प्रभूष्णोर्गर्भसंक्रमः । स्वप्नावलोकनं मातुस्तत्फलश्रवणं तथा ॥ ९० ॥
गर्भशोधनशुश्रूषे देवीभिर्गर्भसंक्रमः । सांगसर्गक्रमः पित्रोः स्थाप्यार्चैंद्रेशतत्क्रिया ॥ ९१ ॥
द्वितीये स जगत्क्षोभानंदं जन्म जिनेशिनः । निःस्वेदत्वाद्यतिशया विजयाद्यमरीकृते ॥ ९२ ॥
जनन्युपासनाजातकर्मणी त्रिदशागमः । शच्यार्हतोर्पणं पत्युः सुमेरौ नयनं सुरैः ॥ ९३ ॥
स्नपनं चर्चनं भूषा नामकर्म स्तवक्रिया । नृत्यं नगर्यानयनं राजांगणनिवेशनम् ॥ ९४ ॥
संनिधापनमंबायाः स्तुतिः प्राभृतनर्तने । रक्षादिकं राज्यभोगभुक्तिःस्थाप्येंद्रसेवया ॥ ९५ ॥

वतरण कल्याणकमें कुवेरकृत रत्नोंकी वर्षा, देवियोंसे की गई माताकी सेवा, श्री आदि षट् कुमारिका देवियोंसे की गई गर्भशोधना, स्वप्नोंके देखनेके बाद पतिके पास फल सुनना उसके सुननेसे माताको आनंद, होनेवाले तीर्थंकरका गर्भमें आना और इंद्रकर कीगई माता पिताकी पूजा—इतनी विधियां करनी चाहिये ॥ ८९।९०।९१ ॥ दूसरे कल्याणकमें—जगतमें क्षोभ होना आनंद होना, जिनेन्द्र तीर्थंकरका जन्म होना, निःस्वेदता आदि जन्मके दश अतिशयोंका प्रगट होना, विजया आदि देवियोंकर माताकी सेवा जातकर्म संस्कार देवोंका आना, इंद्राणीकर भगवान बालकको इंद्रकी गोदमें सोंपना, भगवान बालकको सुमेरु पर्वतपर लेजाना ॥ ९२।९३ ॥ वहां देवोंकर स्नान कराना, आभूषण पहराना, नाम रखना, प्रभुकी स्तुति करना, नृत्य करना नगरीमें लाना राजमहलके आंगनमें पहुंचना माताको बालक सुपुर्द करना फिर इंद्रको नृत्य करना प्रभुकी सेवाकेलिये देवोंको छोड़

स्थाप्यस्तृतीये निर्वेदस्तत्प्रशंसा सुरर्षिभिः। दीक्षावृक्षाः सुरैः स्नानाद्युपकारो वनायनम् ९६
दीक्षाग्रहणमिंद्रेण केशप्रत्येपणादिकम्। वस्त्रादित्यजनं ज्ञानचतुष्कोद्भासनं क्रिया ॥९७॥
कार्या कल्याणसंस्कारमालामंत्राधिरोपणम्। प्रियंगु सज्जनादीनि तिलकं चाधिवासना ९८
श्रीमुखोद्घाटनं तुर्ये नेत्रोन्मीलनमर्हतः। स्थाप्याश्चांतर्गुणा घातिक्षयजातिशयास्तथा ॥ ९९ ॥
आस्थानमंडलं देवोपनीतातिशयाः पुनः। प्रतिहार्याष्टकं चिह्नं यक्षः शासनदेवता ॥१००॥
कल्याणपंचकारोपव्यक्तिः कंकणमोक्षणम्। सा जाद्भावकृतिःकृत्या महार्घस्यावतारणम्१०१

जाना प्रभुको राज्य भोगना—ये सब विधियां करनी चाहिये ॥ ९४।९५ ॥ तीसरे कल्याणकमें भगवानको वैराग्य होना, लौकांतिक देवोंकर स्तुति, दीक्षावृक्ष, देवताओंकर कराया गया स्नान, पालकीमें बिठाके वनको लेजाना, भगवानकर स्वयं दीक्षाग्रहण, इंद्रकर लुंचितकेशोंको रत्नपिटारीमें रखके क्षीरसमुद्रमें क्षेपण करना वस्त्रादित्याग, चौथे (मनःपर्यय) ज्ञानका प्रगट होना ॥ ९६ । ९७ ॥ अडतालीस मालामंत्रोंका जाप करना इत्यादि ॥ ९८ ॥ चौथे कल्याणकमें—भगवानके मुखका उघाडना नेत्रोन्मीलनक्रिया घातिया कर्मोंके क्षयसे उत्पन्न हुए अनंत ज्ञानादिगुणोंका स्थापन समवशरण बनाना तथा अशोक वृक्षादि अतिशयोंका प्रगट करना आठ प्रातिहार्य यक्ष शासनदेवता—इनको समीप रखना महान अर्घ देना दिव्यध्वनि होना—इत्यादि क्रिया करनी चाहिये ॥ ९९ ॥ ॥ १००।१०१ ॥ पांचवें कल्याणकमें—आठ पत्रोंमें आठ गुणोंको लिखके और पूजके मोक्ष-

तत्कल्याणक्रिया चांत्ये मध्येऽज्वस्याभवं गुणान्।पत्रेष्वष्टसु चाभ्यर्च्य क्षमावाचार्या शिवक्रिया।
समालोत्सवा कार्या ततश्चाभिषवक्रिया । मरुद्विसर्गवल्याशीर्दीक्षामोक्षक्षमापणाः ॥१०३॥
प्रतिष्ठोक्तविधिं सम्यग्विधायारोपयेद् ध्वजम्।प्रासादे तेन भात्येष सर्वेषां स्याच्छुभाय च१०४
स्थाप्यं तु विंबे सिद्धानां सम्यक्त्वादिगुणाष्टकम्।रत्नत्रयं च विधिवच्छेषाणां स्वस्वमंत्रतः१०५
सर्वज्ञवागभिव्यक्तानेकांतात्मार्थसार्थवत् । न्यसेद्वाग्देवतार्चादावंगपूर्वप्रकीर्णकम् ॥ १०६ ॥

क्रिया करनी चाहिये ॥ १०२ ॥ फिर फूलमालाका[1] उत्सव करके प्रभुका अभिषेक करे फिर देवताओंका विसर्जन रथयात्रा संघपतिको आशीर्वाद यज्ञ दीक्षाका छोडना और आये हुए सब सज्जनोंसे क्षमावनी करना ॥ १०३ ॥ इस तरह प्रतिष्ठाशास्त्रमें कही विधिको अच्छी तरह करके जिन मंदिरके ऊपर ध्वजा चढाये । उस ध्वजासे जिन मंदिरकी एक तो शोभा होती है दूसरे राजा प्रजा सबको कल्याण होता है ॥ १०४ ॥ इसप्रकार अर्हंत प्रतिमाकी विधि संक्षेपसे कही गई । इसका विस्तार आगे कहेंगे । अब सिद्ध आदिकी मूर्तिकी प्रतिष्ठाका विधान कहते हैं—सिद्धोंकी प्रतिमामें सम्यक्त्व आदि आठ गुणोंका स्थापन करे और बाकी आचार्य आदि परमेष्ठियोंकी प्रतिमामें विधिपूर्वक अपने २ मंत्रसे सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक् चारित्र इन तीन रत्नोंका स्थापन करे ॥ १०५ ॥ सर्वज्ञके मुखकमलसे निकली हुई, गणधरोंकर प्रगट किया गया है अनेकांत स्वरूप पदार्थोंका समूह

१ शक्तिके माफिक द्रव्य देकर भगवानके नामसे फूलमाला लेकर चढाना ।

अनंतार्थाक्षरात्मानं पुस्तकार्थमनुस्मरन् । संशोध्य पुस्तकं तच्च वाग्मंत्रेण प्रतिष्ठयेत्॥१०७॥
ध्यात्वा यथास्वं गुर्वादीन्न्यस्येत्तत्पादुकायुगे।निषेधिकायां संन्याससमाधिमरणादि च १०८
यक्षादिप्रतिविंवेषु यंत्रे प्राच्यं च विन्यसेत्।ग्रहे तार्कोदये ध्यायन् जात्यादीन् यक्षंकर्दमम्१०९
सिद्धचक्रादिपत्रादिप्रतिष्ठाप्येवमूह्यताम् । ग्राह्यः प्राणो ग्रहश्चेंदोः शांते क्रूरे च भास्वतः ॥११०॥

इति प्रतिष्ठेयलक्षणम् ।

जिसका ऐसी सरस्वती देवीकी पूजामें अंग, पूर्व (चौदह पूर्व) प्रकीर्णक (बाह्य अंग) स्वरूप अनंत अर्थ अक्षर स्वरूप शास्त्राकार रचना कराके और उस शास्त्रको शुधवाके सरस्वतीमंत्रसे उसकी प्रतिष्ठा करे । यह शास्त्रप्रतिष्ठा हुई ॥ १०६।१०७ ॥ अब गुरुकी प्रतिमाकी प्रतिष्ठा विधि कहते हैं,—निर्ग्रथादि गुरुओंका ध्यान करके और उनके संन्यास (समाधि) मरणकी छतरी (एक तरहका मठ) बनवाके उनके चरण युगल (दो) बनावे ॥१०८॥यक्षादि प्रतिमाओंकी प्रतिष्ठामें पंचवर्णके चूर्णसे लिखे यंत्रको सूर्योदयमें चमेली आदिके पुष्पोंसे पूजे और ध्यावे ॥१०९॥ पत्रपर लिखे हुए सिद्धचक्र यंत्र तथा आदि शब्दसे जंबूद्वीप त्रैलोक्य श्रुतस्कंध नंदीश्वर आदि लिखे यंत्रोंकी भी प्रतिष्ठा इसी तरह जानना चाहिये ।

---

१ कर्पूरमगुरुश्चैव कस्तूरी चंदनं तथा । कंकोलं च भवेदेभिः पंचभिर्यक्षकर्दमम् ॥ २ अनावृतादि यक्ष पद्मावती यक्षीकी प्रतिमा । ३. कपूर अगुरु कस्तूरी चंदन कंकोल–इन पाचोंको पीसके बनाया गया चूर्ण ।

देशजातिकुलाचारैःश्रेष्ठो दक्षः सुलक्षणः।त्यागी वाग्मी शुचिः शुद्धसम्यक्त्वःसद्व्रतो युवा॥१११
श्रावकाध्ययनज्योतिर्वास्तुशास्त्रपुराणवित्। निश्चयव्यवहारज्ञः प्रतिष्ठाविधिवित्प्रभुः ॥ ११२॥
विनीतः सुभगो मंदकषायो विजितेंद्रियः।जिनेज्यादिक्रियानिष्ठो भूरिसत्त्वार्थबांधवः॥११३॥

शांत देवताकी प्रतिष्ठामें चंद्रप्राण (बांया नाकका स्वर) लेना और क्रूर देवताकी प्रतिष्ठामें सूर्यप्राण (सीधा नाकका स्वर) लेना । चंद्रप्राण और सूर्यप्राणको ही वामनाडी, दक्षिण नाडी कहते हैं ॥११०॥ इसप्रकार प्रतिष्ठायोग्यका लक्षण कहा। अब प्रतिष्ठा करनेवाले प्रतिष्ठाचार्यका लक्षण कहते हैं;-प्रतिष्ठा करनेवालेको सौधर्म इंद्र समझना चाहिये। वह कैसा होवे यह कहते हैं । जिन धर्मकी प्रभावनावाले देशमें उत्पन्न हुआ हो. मातापक्ष और पितापक्ष दोनों जिसके उत्तम हों,शास्त्राचार लोकाचार दोनोंको पालने वाला हो,दूसरेका अंतरंग जाननेमें चतुर हो, सामुद्रिक शास्त्रमें कहे गये शरीरके शुभ चिन्होंवाला हो,दानी हो । मिष्ट बोलनेवाला, मन वचन कायसे शुद्ध, निर्दोष सम्यक्त्ववाला. निर्दोष पांच अणुव्रत पालनेवाला और सोलह वर्षसे अधिक उमरवाला जवान हो॥१११॥ श्रावकाचार, चंद्रप्रज्ञप्ति आदि ज्योतिषशास्त्र, स्थलगतचूलिकामें कहेगये महल आदि बनानेके विधानवाले शिल्पशास्त्र और पुराण(इतिहास)शास्त्रोंका जाननेवाला हो,निश्चयनय व्यवहार-इन दोनोंको जाननेवाला,प्रतिष्ठा विधिका जाननेवाला और तेजस्वी हो ॥११२॥ आयु तप विद्या कुलाचारादिसे अधिक जनोंकी विनय करनेवाला, सबको

१ क्षेत्रं देशः पुरं राज्यं तीर्थं दानं तपोद्वयं । पुराणस्याष्टधाख्येयं गतयः फलमित्यपि ॥

दृष्टसृष्टक्रियो वार्तः संपूर्णांगः परार्थकृत् । वर्णी गृही वा सद्वृत्तस्शूद्रो याजको धुराट्॥११४॥
गुणिनोऽप्यगुणे व्यर्था गुणवत्यगुणा अपि।याजकेऽन्ये कृतार्थाः स्युस्तन्मृग्योसौ स्फुरद्गुणः११५

प्यारा, मंद क्रोध मान माया लोभरूप कषायोंवाला अर्थात् शांत स्वभाववाला, खोटे विषयोंसे इंद्रियोंको रोकनेवाला जितेंद्री, जिनपूजा आदि छह आवश्यक गृहस्थके कर्मोंका करनेवाला, दृढ प्रतिज्ञावाला महान् धनवान् बहुत कुटुंबवाला हो ॥ ११३ ॥ जिसने प्रतिष्ठाविधि जाननेवालोंसे कराई गई प्रतिष्ठा देखी हो अथवा आप अपने हाथसे की हो, शिल्प आदि विद्यासे जीविका नहीं करनेवाला, हीन अधिक शरीरके अवयवोंसे रहित संपूर्ण अंगवाला हो, उत्तम प्रयोजन अथवा पराया उपकार करनेवाला हो, आठमूल गुण और बारह उत्तर गुणवाला पहले–ब्रह्मचर्य आश्रमवाला हो या गृहस्थाश्रमवाला हो, ग्रहणकरने योग्य वस्तुको ग्रहण करनेवाला सदाचारी हो शूद्र वर्ण न हो ब्राह्मणादि तीन उत्तम वर्णोंका धारक हो ॥ ऐसा प्रतिष्ठा करनेवाला इंद्रसमान प्रतिष्ठाचार्य कहा गया है ॥ ११४ ॥ प्रतिष्ठाविधि करनेवाला आचार्य यदि अपने पूर्वोक्त गुणसहित न हो तो गुणवान् यजमानका भी सर्व नाश कर देता है और पूर्वोक्तगुणोंवाला हो तो गुणरहित–निर्गुणी, प्रतिष्ठामें धन खर्च करनेवाले यजमानको भी कृतार्थ करदेता है–उसके प्रयोजनोंको सिद्ध करदेता है । इसलिए

१ वानप्रस्थ और भिक्षुको प्रतिष्ठा करानेका निषेध है दूसरी जगह ऐसा भी कहा है कि चौथी प्रतिमासे आठवीं प्रतिमा तक पांच प्रतिमावालोंमें कोई हो वही अधिकारी है ।

पाक्षिकाचारसंपन्नो धीसंपद्बंधुबंधुरः। राजमान्यो वदान्यश्च यजमानो मतः प्रभुः॥ ११६॥
ऐदंयुगीनश्रुतधृद्धुरीणो गणपालकः। पंचाचारपरो दीक्षाप्रवेशाय तयोर्गुरुः॥ ११७॥

इति इंद्रादिलक्षणम्।

निश्चित्य लग्नमासन्नं दिवसेषु कियत्स्वपि।सुमुहूर्ते प्रतिष्ठार्थं दातेंद्रं स्वग्रहं नयेत्॥ ११८॥

प्रतिष्ठाचार्य उत्तम गुणोंवाला ढूंढना चाहिये और उसीसे प्रतिष्ठा कराना चाहिये अयोग्योंसे कभी नहीं कराना॥ ११५॥ अब प्रतिष्ठामें धन खर्चनेवाले यजमानका लक्षण कहते हैं— पांच पाप तीन मदिरा आदि मकार–इन आठोंको त्यागरूप आठमूलगुण स्वरूप पाक्षिक आचारका धारण करनेवाला हो ज्ञानवैराग्य सहित हो बहुतधन और बंधुजन जिसके अधिकारमें हों लोकमान्य हो राजासे जिसने संमान (इज्जत) पाया हो उदार चित्तवाला दानी हो–ऐसा यजमान होना चाहिए॥ ११६॥ अब दीक्षा देनेवाले आचार्यका स्वरूप कहते हैं—व्यवहार शास्त्रको जानने वाला, श्रुतज्ञानियोंमें मुख्य, साधुसंघका पालनेवाला दर्शनाचार आदि पांच आचारोंके पालनेमें लीन–ऐसा आचार्य; यजमान और प्रतिष्ठाचार्यको इस प्रतिष्ठा करानेकी दीक्षा देनेवाला गुरु कहा गया है॥११७॥ इस प्रकार इंद्र (प्रतिष्ठाचार्य) यजमान (प्रतिष्ठामें धन खर्चनेवाला) और इस प्रतिष्ठाकार्य करनेकी दीक्षा देनेवाले आचार्यका

---

१ प्रियवाग् दानशीलश्च वदान्यः परिकीर्तितः।

पुरोगाक्षतपात्रोद्ध्यद्योषित्साधर्मिकान्वितः।गत्वा गृहं महेंद्रस्य नत्वेदं पौर्तिको वदेत् ।११९।
न्यायेनोपार्ज्य संरक्ष्य संवर्ध्याहंन्महे धनम् ।विनियुज्य परं श्रेयः प्राप्तुमिच्छामि संप्रति १२०
क्वैतच्च सुमहत्साध्यं क चायं स्वल्पको जनः।तथाप्यत्र यते योग्या यदि स्युः सहकारिणः १२१
योग्यता चासकृद् दृष्टकर्मणां वोत्र गम्यते । किं परार्थैककार्यान् वः प्रत्यन्यद्वाच्यमस्त्यतः१२२

स्वरूप वर्णन किया । अब इंद्रप्रतिष्ठाकी विधि कहते हैं-प्रतिमा आदिकी प्रतिष्ठा करानेमें धन खर्च करनेवाला यजमान, प्रतिष्ठाके सात आठ दिन बाकी रहनेपर जल्दी आनेवाली शुभ लग्नका निश्चय करके प्रतिष्ठाकी विधि करानेकेलिये शुभ मुहूर्तमें प्रतिष्ठाचार्य-इंद्रके घरको बुलानेके लिये जावे ॥ ११८ ॥ उससमय ऐसे ठाठसे जावे कि स्त्रियां तो अक्षत भरे हुए पात्र हाथमें लिये गातीं हुईं आगे जा रहीं हों और साथमें साधर्मी भाई हों । इसप्रकार यजमान प्रतिष्ठाचार्य-इंद्रके घर जाके उसे प्रणाम कर ऐसी प्रार्थना (वीनती) करे॥११९॥ हे जितेंद्रिय ! मैंने न्यायसे धन पैदाकर इकट्ठा किया है और उसकी अच्छीतरह रक्षा की है अब मैं उसे अर्हतबिंब प्रतिष्ठाके उत्सवमें लगाकर उत्तम सुख प्राप्त करना चाहता हूं ॥ १२० ॥ कहां तो महान् कठिन यह कार्य और कहां तुच्छ शक्तिवाला मैं, सुमेरु सरसोंका सा फरक है तो भी आप सरीखे योग्य सत्पुरुष सहायक मिल जांयगे तो वांछित कार्य अवश्य सिद्ध हो जाइगा ॥ १२१ ॥ आपका कईवार यह प्रतिष्ठाकार्य देखा

१ वापीकूपतडागदेवतागृहअन्नपानआराम इत्यादिकं पूर्तं तत्र नियुक्तः पौर्तिकः यजमानः ।

इत्यभ्यर्थनया कार्यमंगीकार्य तमालयम् । स्वमानीय चतुष्कोणज्वलद्दीपे सुपूरिते ॥ १२३ ॥
चतुष्के रक्तसद्वस्त्रप्रच्छादितसुविष्टरे । उपवेश्य नदद्वाद्यनादसंगीतमंगलैः ॥ १२४ ॥
कुल्याभी रक्तवस्त्रस्रग्भूषाकाश्मीरचारुभिः । युवतीभिश्चतसृभिश्चंदनं तस्य वर्धयेत् ॥ १२५ ॥
ततः स तैलमारोप्य पीतोद्वर्तनपूर्वकम् । तीर्थमालापाठजिनाद्याशीर्वादरवाकुलम् ॥ १२६ ॥
पीतखल्यापोह्य तैलं परिषेच्य सुखांबुभिः ।सुभोज्यावर्ज्य भूषास्रग्वस्त्रचंदनवंदनैः ॥ १२७ ॥

जाना हुआ है इसलिये आपकी ही योग्यता बहुत अच्छी है । दूसरी बात यह है कि आप
दूसरोंका वांछित प्रयोजन सिद्ध कर देते हैं इसलिये हम आपको अधिक क्या कह सकते
हैं ॥ १२२ ॥ ऐसी प्रार्थना करके प्रतिष्ठाकार्य करनेकी स्वीकारता (मंजूरी) कराके प्रतिष्ठा-
चार्य (इंद्र) को अपने घर लाये । वहां चौकी बिछाकर उसपर सिंहासन रक्खे और
चौमुखी दीपक जलावे । सिंहासनपर लाल वस्त्र बिछावे उसपर इंद्रको बिठाकर गीत नृत्य
बाजोंके साथ लालवस्त्र माला आभूषण चंदनसे शोभायमान चार सधवा जवान स्त्रियोंसे
चंदन अंगपर लगवावे ॥ १२३।१२४।१२५ ॥ फिर जिन आदिकी आशीर्वाद बुलवाता हुआ
उस इंद्रके अंगमें पीले उवटने सहित तैल लगवावे फिर पीली खलिसे अंगका तैल दूरकर
प्रासुक जलसे स्नान करावे । पुनः स्वादिष्ट भोजन कराके आभूषण कपड़े चंदन माला
आदिसे सजावे । पश्चात् प्रतींद्र सहित उस इंद्रको हाथी या घोड़ेपर चढाकर जैनमंदिरमें
ले जावे । उस समय ' [illegible] ' ऐसा उच्चारण करके [illegible]

समर्तीद्रं तमारोप्य द्विपं चैत्यालयं नयेत् ।निःसिहीत्युच्चरन्नेष तं प्रविश्य जिनेश्वरम् ॥ १२८ ॥
दर्शनस्तोत्रपाठेन त्रिःपरीत्य त्रिरानतः । कृतेर्यापथशुद्धिस्तं श्रुतं सूरिं समर्च्य च ॥ १२९ ॥
साधर्मिकैः परिवृतः सर्वसंघसमक्षतः । जिनाग्रे याजकतया सौधर्मेन्द्रोऽसि सोऽधुना ॥ १३० ॥
इत्युच्चैर्वदता दत्तान् समंत्रान् गुरुणाक्षतान् । स्वीकृत्यांजलिनोपांशु मंत्रमुच्चार्य नामितः १३१
स्वमूर्ध्नि विन्यसेत्सोऽहं सौधर्मेन्द्र इति ब्रुवन् । प्रतिपद्येत चाष्टाहं सैकभक्तं सुनिर्मलम् ॥ १३२ ॥
ब्रह्मचर्यं विविक्ते च सुप्यात्सद्भावनारतः । शलाकापुरुषाख्यानध्यानस्वाध्यायभाग्भवेत् १३३

जिनेंद्र देवकी दर्शन स्तुतिपाठ पूर्वक तीन परिक्रमा देवे और तीनवार नमस्कार करे । फिर ईर्यापथशुद्धि करके शास्त्र और आचार्यकी पूजाकर साधर्मियोंकर घिरा हुआ सब संघके आगे जिनेंद्रदेवके सामने पूजकपनेसे इंद्रको ऐसा कहे कि तुम अब सौधर्म इंद्र हो ऐसा ऊंचेस्वरसे बोले । उस समय इंद्र भी दीक्षागुरुसे दिये गये मंत्रित हुए अक्षतोंको अंजलिमें लेके फिर आप ओं ह्रीं आदि मंत्र पढके मैं वही सौधर्म इन्द्र हूं ऐसा कहता हुआ उन अक्षतोंको अपने मस्तकपर रखे ॥ १२६ । १२७ । १२८ । १२९ । १३० ॥ ॥ १३१ । १३२ ॥ वह इंद्र आठदिनतक एकवार भोजन करे, निर्दोष ब्रह्मचर्य पाले और श्रेष्ठ

---

१ ओं ह्रींऽर्हं असिआउसा णमो अरहंताणं अनाहतपराक्रमस्ते भवतु ह्रीं नमः स्वाहा । एष मंत्रो गुरुणा प्रयोज्यः ।
२ इंद्रेण पुनरत्रैव ते स्थाने मे इति प्रयोज्यम् ।

परमेष्ठिश्रुतगुरूनेव वंदेत वर्जयेत् । साधर्मिकसजातीयैरपि पंक्तिं च भोजने ॥ १३४ ॥
तदा प्रभृति यष्टापि ब्रह्मयाजकवच्चरेत्। आयज्ञांतं विशेषेण तदाज्ञां च न लंघयेत् ॥ १३५ ॥
प्रतिष्ठासूचकैर्लेखैः संघं देशांतरादपि । आकारयेद् व्रजेद् द्रष्टुं तां संघोपि यथाबलम्॥१३६॥
वेदीनिवेशादारभ्य यावद्यज्ञांतमात्मवान्। धर्मकारी गुणौचित्यकृपादानपरो भवेत् ॥१३७॥
गर्भरूपो विनेयोस्मीत्याक्षिप्तो गुरुभिर्वदेत्।आक्रुष्टो याचकैश्चेष्टदाने वोस्मि कियानिति॥१३८॥

भावनाओंमे (विचारोंमें) लीन हुआ एकांत जगहमें सोवे और त्रेसठ शलाका पुरुषोंके चरित्रका स्वाध्याय तथा शुभ ध्यानमें लीन रहे ॥१३३॥ पंच परमेष्ठी जैन शास्त्र जैन गुरुओंको ही नमस्कार करे । और अपनी जातिके साधर्मियोंके साथ भी एक पंक्तिमें बैठकर भोजन न करे॥ १३४ ॥ उसी समयसे वह यजमान भी प्रतिष्ठाचार्यकी तरह एकवार भोजन ब्रह्मचर्यादिका आचरण करे और पूजाके उत्सवकी समाप्ति तक नियमसे इंद्रकी आज्ञाको पाले, उलंघन नहीं करे ॥१३५ ॥ वह यजमान प्रतिष्ठाको जाहिर करनेवाले लेखोंसे (कुंकुम पत्रिकाओंसे) दूसरे देशोंसे भी सब साधर्मी भाइयोंको बुलावे। पत्रीके पहुंचते समय वे साधर्मी भाई भी अर्हंतप्रतिष्ठा देखनेकेलिये शक्तिके माफिक अवश्य जावें ॥ १३६ ॥ वह यजमान वेदी प्रतिष्ठासे लेकर विंबप्रतिष्ठा तक आत्मज्ञानी होके धर्मके कार्य करता रहे और गुणी जनोंको यथायोग्य दानादि देता रहे और दुःखितोंको करुणादान दे ॥ १३७ ॥ गुरुओंके सामने ऐसा कहे कि मैं नया ही चेला हूं जो कुछ भूल हो

याजका यष्टृवत्सर्वे श्रावकैरपरैरपि। संभाव्या भक्तितः संघोप्याराध्यो धर्मकाम्यया॥ १३९॥
दातृसंघनृपादीनां शांत्यै स्नात्वा समाहिताः।शांतिमंत्रैर्जपं होमं कुर्युरिंद्रा दिने दिने ॥१४०॥
देशकालानुसारेण व्यासतो वा समासतः । कुर्वन् कृत्स्नां क्रियां शक्रो दातुश्चित्तं न दूषयेत् ॥
यथोक्तनिगदद्रव्यैः प्रयुक्तैर्व्यासतः क्रिया । मंत्रमात्रयथाप्राप्तद्रव्यैश्चेष्टा समासतः ॥ १४२ ॥

इति इंद्रप्रतिष्ठा ।

वह क्षमा करें और याचकों (मांगनेवाले) से ऐसा कहे कि तुमको इच्छित दान देनेकी मुझमें शक्ति नहीं है ॥ १३८॥ अन्य श्रावक भी उस यजमानकी प्रशंसा करें कि तुमने बहुत अच्छा किया और यह यजमान भी धर्मकी इच्छा रखता हुआ आये हुए सब साधर्मियोंका भक्तिपूर्वक सत्कार करे ॥ १३९ ॥ वे इंद्र प्रतींद्र भी दाता, श्रावकसंघ और राजा आदिको शांति (सुख) मिलनेके लिये प्रतिदिन स्नानकरके शांतिमंत्रोंसे जप और होम अवश्य करें ॥ १४० ॥ वह इंद्र देश और कालका विचार करके विस्तारसे या संक्षेपसे सब प्रतिष्ठाकी क्रियाओंको इसतरह करे कि जिसमें दाता (यजमान) का दिल न दुःखी हो अर्थात् दाताका उत्साह नष्ट न हो और न क्रोध (गुस्सा) उत्पन्न हो ॥ १४१ ॥ यदि शास्त्रमें विस्तारसे कही हुई सब चीजोंके लानेमें खर्च करनेकी सामर्थ्य हो तब तो विस्तारसे प्रतिष्ठाविधि करे अगर उसमें अधिक खर्च करनेकी शक्ति न हो तो शक्तिके माफिक जितना खर्च करसके

सज्जयित्वोपकरणान्याचार्यः कार्यसिद्धये। कृत्वा शांतिविधानं च सूत्रयेन्मंडपादिकम्॥१४३॥
खातेऽधःशोधिते पूर्णे समीकृत्य पवित्रिते। भूभागेऽर्हन्मृजांभोभिश्चारुक्षीरद्रुदारुभिः ॥१४४॥
शुभेह्नि मंडपं चित्रवस्त्रच्छन्नं विधापयेत्। त्र्यादित्रिवर्द्धिष्णुचतुर्विंशत्यंतकरप्रमम् ॥ १४५ ॥
प्रोल्लसच्छल्लकीरंभास्तंभध्वजदलस्रजम् । चतुर्द्वारोर्ध्वकोणस्थशुभ्रकुंभाष्टकोद्भटम् ॥ १४६॥

उसके अनुसार ही संक्षेपसे प्रतिष्ठाविधि करनी चाहिये ॥ १४२ ॥ इसप्रकार इंद्रप्रतिष्ठा-विधि समाप्त हुई। अब मंडप आदि वनानेकी विधि कहते हैं—प्रतिष्ठाचार्य सब सामग्री तयार करके मंडपादिकी निर्विघ्न रचना समाप्तिके लिये लघु या वृहत् शांतिविधान करके मंडप वेदी आदिकी रचना करावे ॥ १४३ ॥ यह इसतरह है कि पहले तो जमीन खुदावे पीछे उसे सोधकर मट्टीसे भरके समतल करे फिर अर्हंत प्रतिमाके गंधोदकसे छिडके। उसके वाद सुंदर—ऊपरसे सूखा कीडे आदिसे नहीं खाया हुआ ऐसा जो उदुम्बर पीपल आदि क्षीरवृक्ष उसकी लकडीसे तथा पांचरंगोंवाले वस्त्रसे शुभ मुहूर्तमें मंडफ तयार करावे और कमसे कम तीन हाथका मंडप होना चाहिये और एक हाथकी वेदी वननी चाहिये। यह संक्षेप विधि करनेमें जानना। और अधिक विधि करनी हो तो तीन तीन हाथ बढाते जाना अर्थात छह हाथका मंडप और दो हाथकी वेदी करना। इसतरह सबसे अधिक चौवीस हाथका मंडफ और आठ हाथकी वेदी वनाना चाहिये। यह विस्तार विधि करनेके समय जानना ॥१४४॥ ॥ १४५ ॥ उस मंडफमें सलकी वृक्ष और केलाके वृक्षके खंभे हों, ध्वजा हरे पत्तोंकी माला-

तोरणोदारसौंदर्यं नानारत्नांशुकांचितम्। प्रलंबिमुक्तालंबूषहारस्त्रकुतारिकोज्ज्वलम् ॥१४७॥
चंदनच्छटया सिक्तं पुष्पप्रकरदंतुरम् । मुक्तास्वस्तिकविन्यासरंगावलिमनोहरम् ॥ १४८ ॥
कलशादर्शभृंगारयावारादिरमाकुलम् । संधूपधूमगंधांधभृंगझंकारकोमलम् ॥ १४९ ॥

इति मंडपनिर्मापणम् ।

पूते नवमतन्मध्यभागेऽर्हत्स्नवनांबुना । एकाद्यष्टांतहस्तासु नंदाद्याख्यासु वेदिषु ॥ १५० ॥

यें चकचकाट कर रही हों चार दरवाजे हों उन दरवाजोंके ऊपरकी चोटीपर चूनासे लेप किये गये आठ घड़े रक्खे गये हों ॥ १४६ ॥ वह मंडप शोभायमान, वंदनवारोंसे रमणीक हो, माणिक्य आदि पांचरत्नोंसे जड़े हुए कपड़ेसे पूजित हो यानी जरी (सलमासितारा) के बने हुए चंदोएसे चमक रहा हो, मोतियोंके झूमका—हार-मालाओंसे तथा कांसे आदिकी बनी हुई घंटरियोंसे बहुत प्रकाशमान हो । घिसे हुए चंदनकी छींटोंसे युक्त, पुष्पोंसे शोभायमान, मोतियोंके सांतियोंकी रचनासे तथा अनेक रंगोंकी रचनाओंसे शोभित हो । कलश (घड़ा) दर्पण, झाडी, बोये हुए जौके अंकुर, छत्र चमर आदि सामग्रीसे सुंदर हो, काले अगर आदिकी बनी हुई दशांग धूपके धुंआंकी सुगंधीसे मस्त हुए भ्रमरोंकी झंकारध्वनीसे रमणीक होना चाहिये ॥ १४७ ॥ १४८ ॥ १४९ ॥

इस प्रकार मंडप बनानेकी विधि समाप्त हुई ।

आगे वेदी बनानेकी विधि बतलाते हैं—अर्हतबिंबके गंधोदकसे नौमा मंडपको

यथास्वमामेष्टिकाभिः कार्या व्याससमायतिः। वेदीव्यासषडंशोचा चतुरस्रेशदिक्प्लवा॥१५१॥
शिलान्यासवदत्रार्चां कृत्वा पंचाममृद्धटान्। आक्रमंतीष्टिकाभिर्यद्वतानुगतिकैव सा॥ १५२॥

इति वेदीनिवर्तनम्।

पूतमृद्गोमयक्षीरवृक्षत्वक्काथहस्तया। संमार्ज्य प्रोक्ष्य लेप्यासौ स्नातालंकृतकन्यया ॥१५३॥

इति वेदीलेपनविधानम्।

मध्यका भाग पवित्र करके उसकी आठों दिशाओंमें नंदा १ सुनंदा २ प्रभा ३ सुप्रभा ४ मंगला ५ कुमुदा ६ पुंडरीका ७ इंद्रावेदी ८—इस तरह आठ वेदीं एक हाथ चौड़ाईस लेकर आठहाथ तक मंडपके अनुसार कची ईंटोंसे बनवावे, चौड़ाईके समान लंबाई रक्खे, चौड़ाईसे छठे भाग उंचाई रक्खे तथा ईशानकोणमें कुछ नीची रक्खे–इस प्रकार चौकौंन वेदीं बनवावे ॥ १५० ॥ १५१ ॥ यहांपर शिला रखनेकी तरह पूजा करे और पांच कच्चे मट्टीके घड़े रक्खे ॥ यह पांच घड़े रखनेकी रीति परंपरासे जानना ॥ १५२ ॥ इस प्रकार वेदी बनानेकी विधि पूर्ण हुई। अब वेदीके लीपनेकी विधि कहते हैं–नदीके किनारेकी वामी आदिकी पवित्र मट्टी, पृथ्वीपर नहीं गिरा हुआ पवित्र गोवर और ऊंमर आदि वृक्षोंकी छालका बनाया काढा–इन तीनोंको हाथमें लियें स्नान आभूषणसे तयार ऐसीं कन्याओंसे उस वेदीको झड़वाकर और प्रोक्षणमंत्रपूर्वक जलसे छिड़कवाकर लिपवाना

---

१ ओं क्ष्रां क्ष्रीं क्ष्रूं क्ष्रौं क्ष्रः प्रोक्षणजलाभिमंत्रणम्।

त्रयोदशांगुलोद्देशे तुर्यवेद्यास्तु कारयेत् । हस्तमात्राणि पीठानि दिक्ष्वन्यासां यथोचितम् १५४
प्राग्मंडपसमं वेदीकर्णिमात्राध्वसंगतम् । ईशानदिशि निर्माप्य मंडपं तत्र कारयेत् ॥ १५५ ॥
वेदीं तस्यैव चार्धेन त्रिभागेणाथवा मिताम् । भांडध्वास्तोरणाद्यैश्च भूषयेन्मूलवेदिवत् १५६

इति उत्तरवेदीनिवर्तनं ।

चाहिये ॥ १५३ ॥ ओं क्ष्रां इत्यादि टिप्पणीमें मंत्र देखलेना । इस प्रकार वेदी लेपनकी विधि जानना । ईशानकोणकी वेदीको छोड़कर सातवेदियोंके आगे तेरह २ अंगुल जमीन छोड़के पूर्वादि चारों दिशाओंमें जयादि आठ देवियोंके पूजनके लिये चार छोटीं वेदीं बनावे । और बीचकी वेदीसे ईशान दिशाकी तरफ छोटा मंडप बनवावे, और उस मंडपके तीसरे भाग प्रमाण उत्तर वेदी बनवावे और उसे मूलवेदीकी तरह ध्वजा छत्र तोरण आदिसे सजावे ॥ १५४ ॥ १५५ ॥ १५६ ॥ इस तरह उत्तरवेदाकी रचना हुई । इसके बाद वह इंद्र स्वच्छ कपड़े माला आभूषण और चंदनका लेप–इन वस्तुओंसे सजा हुआ प्रतींद्र और प्रतिष्ठा करानेवाले दाताके साथ हाथी या घोड़ेकी सवारीपर चढके प्रतिष्ठाके पहले दिन सरोवर पर जावे । जिसके साथमें, श्रेष्ठ पत्तोंसे ढके हुए दूध दही अक्षतसे पूजित फलसे भरे हुए कंठमें मालायें डाले हुए मजबूत नवीन ऐसे घड़ोंको ऊपर रखनेवालीं सजीं हुईं प्रसन्नचित्त ऐसीं कुलीन स्त्रियां जा रहीं हो । और सब साधर्मी भाई तथा छत्र बाजे धुजा वगैरःसे घिरा हुआ जगतको आश्चर्य करता वह इंद्र शांतिके लिये जौ और सरसोंको मंत्रसे मंत्रित करके

भगेंद्रा दिव्यांगस्रग्भूषागोशीर्षसंस्कृतः । मतींद्रदातृयुग्धुर्यं गजं वाश्वमधिष्ठितः ॥ १५७ ॥
मन्त्राग्रकज्ञमुखान् दुर्वादध्यक्षतांचितान् । फलगर्भान्नवान् कुंभान् दृढान् कंठलुठत्स्रजः १५८॥
निधनीभिः गुणेशाभिः सद्वर्णाभिः पुरंध्रिभिः । सर्वसंघेन च वृत्तश्छत्रतौर्यत्रिकध्वजैः १५९
दिशं विस्मापयन् शांत्यै सर्वतो यवसर्षपान् । मंत्राभ्यस्तान् किरन् गत्वा प्रतिष्ठागाग्दिने सरः
तस्मै दत्वार्घमाधाय तत्तीरे वास्तुवद्विधिम् । आह्वाननादिविधिना प्रसाद्य जलदेवताम् ॥ १६१ ॥
पूरयित्वा मकरास्यस्थापितश्र्यादिदेवतान् । ताभिरेव पुरंध्रीभिर्महाभूत्या तथैव तान् १६२॥
कुंभानानाय्य संस्थाप्य चैत्यगेहे सुरक्षितान् । तथैवोत्तरकृत्याय दातृमंदिरमाश्रयेत् ॥ १६३ ॥

इति जलयात्राव्यावर्णनम् ।

भारी गरफ वरेर रहा हो ॥ १५७ । १५८ । १५९ । १६० ॥ उस सरोवरको अर्घ देकर उसके किनारे पाठकी तरह आह्वानादि विधिसे जलदेवताको प्रसन्न करे ॥ १६१ ॥ उसके बाद उन घड़ोंको जलसे भरकर उनके मुखमें श्रीआदि देवियोंका स्थापनकर उन्हीं कुलीन स्त्रियोंके ऊपर रक्खें और उन घड़ोंको लाकर जिनमंदिरमें अच्छी तरह स्थापन करे । उसके बाद आगेकी क्रिया करनेके लिये यजमानके घरपर आवे ॥ १६२ । १६३ ॥ इस प्रकार जलयात्राविधि पूर्ण हुई । उसके बाद यजमान और वे इंद्र स्नान तथा पूजा करके साधर्मी भाइयोंको स्यादिष्ट

१ ओं ह्रूं ह्रः फट् किरिटि घातय २ परविघ्नान् स्फोटय २ सहस्रखंडान् कुरु २ परमुद्राश्छिद २ परमंत्रान् भिंद २ क्षः क्षः हूं फट् स्वाहा । इति मंत्रः ।

तत्रेंद्रा यजमानश्च स्नात्वाभ्यर्च्यार्हतोखिलम्। लोकं संतर्प्य भुक्त्वेष्टं सुस्वाद्वन्नं हितं मितम्॥
कृताराात्रिकमांगल्याः स्वारूढवरवाहनाः। तां यागभूमिं गच्छेयुः सयज्ञांगपरिच्छदाः १६५
अभीष्टसिद्धिरस्त्वेवं वादिन्याः पथि सुस्त्रियाः। पाणिपात्रात्फलादींद्रो गृह्णीयाच्छकुनेच्छया॥
चैत्यालयप्रवेशादिविधिं प्राग्वद्विधाय ते। कृत्वा गुरोर्बृहत्सिद्धयोगभक्ती तदाज्ञया॥१६७॥
त्रिधोपवासमादाय बृहदाचार्यभक्तितः। प्रणम्य चरणद्वन्द्वं तस्य गृह्णीयुराशिषः॥ १६८ ॥

इति उपवासादानविधानम्।

हितकारी भोजन करावें तथा आप भी जीमें ॥ १६४ ॥ पुनः मंगलदीपकसे आरती किये गये तथा अपनी २ उत्तम हाथी घोडा आदि सवारियोंपर बैठे हुए यज्ञांग और परिवार सहित वे इंद्रादिक उस यज्ञभूमिके पास जावें ॥१६५॥ मनो वांछित अर्थकी सिद्धि हो ऐसा रस्तेमें कहती हुई सौभाग्यवती स्त्रियोंके हाथसे शुभ शकुन होनेकी इच्छा करके फल लेवें ॥ १६६ ॥ वे इंद्रादिक चैत्यालयप्रवेश, परिक्रमा देना, ईर्यापथ शोधन, स्तुति पूजा इत्यादि विधि पहलेकी तरह करके गुरुकी आज्ञासे बृहत् सिद्ध भक्ति योग भक्ति करें ॥ १६७ ॥ फिर जलके छोडनेके सिवाय तीन प्रकार त्यागरूप उपवास करके तथा बृहत् आचार्य भक्ति करके गुरूके चरणकमलोंको नमस्कार करें और उनका आशीर्वाद ग्रहण करें ॥१६८॥ इस प्रकार उपवास ग्रहणविधि कही। इस प्रकार वे इंद्रादिक अपनी शुद्धिके लिये एकांतमें मंत्रस्नानादि करके पंच नमस्कार मंत्र एकसौ आठ वार जपें। उसके ॐ ह्रां आदि निसीही

अथो रहः पुरा कर्म. कृत्वा जप्त्वापराजितम् । स्वशुद्धयेष्टाग्रशतं निगदंतो निषेधिकाम् ॥१६९॥
यागभूमिं प्रविश्येंद्रा जिनानभ्यर्च्य भक्तितः । सिद्धान्नत्वा महर्षीणां विदध्युः पर्युपासनम्॥
ततो याजकयष्टारो दध्युश्चंदनचर्चिताः । वराः स्रजो नवाऽस्यूतशुचिवस्त्राण्यलंकृतीः१७१॥
यज्ञदीक्षाध्वजं बिभ्रत्सौधर्मेंद्रोऽथ मंडपम् । प्रतिष्ठयेत् समतींद्रो वेदीं चोद्धृत्य मंडलम्१७२॥

इति प्रतिष्ठामहोद्योगः ।

वेद्यामालिख्य चूर्णेन पंचवर्णेन कर्णिकाम् । बहिःषोडशपत्राणि चतुर्विंशतिमन्वतः ॥१७३॥

मंत्रको तीनवार बोलें ॥ १६९ ॥ फिर वे इंद्र यागस्थानमें प्रविष्ट होकर भक्ति सहित अर्हंतकी पूजा करके व सिद्धोंको नमस्कार करके आचार्योंकी पूजा करें ॥ १७० ॥ उसके बाद इंद्र और यजमान चंदनसे छांटीं हुई उत्तम चंपा चमेली आदिकी पुष्पमालायें विना सिले नये शुद्ध कपडे और आभूषण धारण करें ॥ १७१ ॥ अनंतर सौधर्म इंद्र प्रतींद्र सहित यज्ञ-दीक्षाके चिन्ह मौंजी बंधन आदिको धारण करके वेदीपर मांडला बनाके मंडपकी प्रतिष्ठा करे ॥ १७२ ॥ इस प्रकार प्रतिष्ठाका महान् उद्योग करे । उस वेदीमें पांच रंगके चूर्णसे बीचमें कर्णिका बनाकर बाहर सोलह पत्तोंवाला आकार बनावे। उसके चारों तरफ चौबीस पत्तोंवाला उसके बाद बतीस कमल पत्रोंवाला आकार खींचे और बाहर वज्रके चिन्ह बनावे तथा चार कोनोंमें चार दरवाजे हों ऐसी वेदीकी रचना करे ॥ १७३ । १७४ ॥ कई

ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अर्हं णमो अरहंताणं णिसिहिए स्वाहा । इति णिसीहीमंत्रः ।

द्वात्रिंशतमतःपश्चान् वहिर्वज्राकितैर्युताम् । कोणैश्चतुर्भिः सचतुर्दिग्द्वारां वेदिमालिखेत्॥१७४॥
जयाद्यष्टदलान्येके कर्णिकावलयाद्बहिः । मन्यंते वसुनंद्युक्तसूत्रज्ञैस्तदुपेक्ष्यते ॥ १७५ ॥
काश्मीरादिशुभद्रव्यलिखिताखंडमंडलम् । नवं चंद्रोपकं चोर्ध्वं तयोर्वेद्योर्वितानयेत् ॥१७६॥
हेमापामार्गदर्भान्यतमक्लृप्तशलाकया । चूर्णाकीर्णे वेदिपृष्ठे वर्तयेद्यागमंडलम् ॥ १७७ ॥
भूर्जे गंधेन चालिख्य क्ष्माईं पीठाक्षरं तया । प्रणवं दक्षिणे भागे वामे सं सविसर्गकम् १७८

विद्वानोंका ऐसा कहना है कि कर्णिकाकी गोलाईके बाहर जया आदिके आठ पत्र बनावे परंतु वसुनंदि आचार्य कथित प्रतिष्ठा सिद्धांतके जाननेवाले उस वचनको नहीं स्वीकार करते । क्योंकि उनका मानना अज्ञानताको लिये हुए है ॥ १७५ ॥ यागमंडल और ईशान वेदी–इन दोनोंके ऊपर नया चँदोआ बांधे । उस चँदोवेमें केशर आदि शुभ द्रव्योंसे यागमंडल अभिषेकमंडल लिखा हो ॥ १७६ ॥ उस वेदीके पिछाड़ीके भागपर सोना अपामार्ग और डाभ इनमेंसे किसी एककी सलाई बनाकर उसमें रंग भरके वेदीके पृष्ठभागमें यागमंडलको लिखै ॥ १७७ ॥ फिर भोजपत्रपर घिसे हुए चंदन कपूर मिश्रित उस सलाईसे क्ष्माईं ऐसा मध्यबीज लिखे, दाहिने भागमें ओं लिखे वायें भागमें सः लिखे उसके ऊपर भागमें अर्हं लिखे उसे ओं णमो अरहंताणं ह्रौं स्वाहा इस मूलमंत्रसे घेर दे । उसके बाद ओं अर्हं आदिमें तथा स्वाहा अंतमें है जिसके ऐसे केवलिमंत्रको अर्थात् ओं अर्हं अर्हत्सिद्धसयोगिकेवलिभ्यः स्वाहा इस मंत्रको लिखै ॥ उसके चारों तरफ नंद्यावर्तचक्र, यवचक्र और ओं आदिमें

तस्यार्हं बीजमूर्ध्वे च मूलमंत्रेण वेष्टयेत् । ततः केवलिमंत्रेण स्वाहांतोमर्हमादिना ॥ १७९ ॥
चक्रेण नंद्यावर्तानां यवानां चोंमुखेन च। चत्तारीत्यादिना स्वाहांतेनाञ्जातश्च तन्न्यसेत्१८०

अथ यागमंडलोद्धरणम् ।

यथार्हवर्णचूर्णौघैर्न्यस्याग्नेःक्षेत्रपं दिशि । ईशस्य वास्तुदेवादीन् न्यस्यातःकोणशो द्विशः १८१

स्वाहा अंतमें ऐसे चत्तारि इत्यादि टिप्पणीमेंसे देखकर लिखे । उस लिखे यंत्रको कमलके मध्यभागमें रक्खे ॥ १७८ । १७९ । १८०॥ अब यागमंडलका उद्धार बतलाते हैं । यथायोग्य रंगके अनुसार चूर्णसे आग्नेय दिशामें क्षेत्रपालका स्थापन करे, ईशानकोणमें वास्तुदेवका पुंज रखे, चारों कोनोंमें वायुकुमार मेघकुमार अग्निकुमार आदिके पुंज रखे और कोनोंके आगे दो २ वज्र बनावे । तथा अपने २ मंत्रोंसे कमलके मध्यमें स्थित पंचपरमेष्ठी आदिकी पूजा करे। उसके बाद सोलह विद्यादेवी चौवीस जिनमाता बत्तीस इंद्रादिकोंका पत्रमें

---

१ ओं नमो अरहंताणं ह्रौं स्वाहा । **मूलमंत्रः** । ओं ह्रीं अर्हं अर्हत्सिद्धसयोगिकेवलिभ्यः स्वाहा । **केवलिमंत्रः**। ओं अर्हं नंद्यावर्तवलयाय स्वाहा । **नंद्यावर्तवलयस्थापनं** । ओं अर्हं यववलयाय स्वाहा । **यववलयस्थापनम्**। ओं चत्तारि मंगलं अरहंतमंगलं सिद्धमंगलं साहुमंगलं केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं । चत्तारि लोगोत्तमा अरहंतलोगोत्तमा सिद्धलोगोत्तमा साहुलोगोत्तमा केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा । चत्तारि सरणं पव्वज्जामि अरहंत सरणं पव्वज्जामि सिद्धसरणं पव्वज्जामि साहुसरणं पव्वज्जामि केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि स्वाहा। इति **मंगललोकोत्तमशरणमंत्रः**

२ वास्तुदेवका सफेद, वायुकुमारका हरा, मेघकुमारका काला, अग्निकुमारका लाल पुंज होता है । ईशान दिशासे आरंभ करे ।

वज्रान् स्वमंत्रैः पश्चातः परब्रह्मादिकान् यजेत्॥ततश्च विद्यादेव्यादीन् नस्य पत्रादिषु क्रमात्१८२
चत्वारि मंगलादीनि वाणादित्रितयं शिला। भद्रासनं च संस्थाप्यं ततो वेद्यां यथोचितम्१८३
पीठेपूत्तरवेद्यां च वर्तयित्वा यथायथम्। मंडलानि विधानेन वक्ष्यामाणेन चार्चयेत् १८४

इति मंडलार्चनम्।

इति सूत्रितमाध्यायन् विधिं सम्यकृतक्रियः॥श्रद्दधानो यथाशास्त्रं जिनबिंबं प्रतिष्ठयेत्१८५॥
या त्रिसंध्यं दिने द्वे वा चत्वारीष्टाधिवासना। यथात्मविभवं कार्या सादेशाद्यनुरोधतः १८६

स्थापन करके क्रमसे पूजे ॥ १८१ । १८२ ॥ पुनः यागमंडलकी वेदीमें यथायोग्य छत्रादि आठ, आयुधादि आठ, पताका आठ और कलश आठ—इस तरह चार मंगलादि; वाण सरसों जौके अंकुर—ये तीन चारों कोनोंमें तथा चंदनादि घिसनेकी शिला और सोंने चांदी चंदन पीपल आदि क्षीरवृक्षका काठ—इत्यादिका बनाया हुआ पट्टारूप गर्भावतार कल्याणके लिये भद्रासन—ये सब वस्तुएं रक्खे ॥ १८३ ॥ उत्तर वेदी (ईशान वेदी) व जन्माभिषेक वेदीपर मांडला खींचकर आगे कहे जानेवाली विधिसे पूजा करे ॥ १८४ ॥ इस प्रकार मंडलकी पूजा कही गई। इस तरह याजकाचार्य शास्त्रमें कही गई विधिको विचारता हुआ गर्भ जन्मादि संबंधी क्रिया अच्छी तरह करता हुआ शास्त्रानुसार श्रद्धान करता हुआ जिनप्रतिमाको प्रतिष्ठित करे ॥ १८५ ॥ गुरुके उपदेशके अनुसार तीनों संध्या व एक दिन दो दिन चार दिनतक पूजा होम जपादिक क्रिया शक्तिके माफिक करे ॥ १८६ ॥ जिन

ततः कृत्वाभिषेकादि यज्ञदीक्षां विसृज्य च। मूलदीक्षास्थितः कुर्यादाचार्योऽवभृथक्रियाम्॥
देवे क्षेत्रादितीर्थे च नियुज्यार्थं स्वशक्तितः। नत्वेन्द्रं स्वं समर्प्यास्मै दातागंतूंश्च संवदेत्१८८

इति जिनप्रतिष्ठाविधानम्।

सिद्धचक्रं गणधरवलयं प्राच्यं तद्दिशा। सारस्वतादियंत्रं च सिद्धार्चादि प्रतिष्ठयेत् ॥ १८९॥
जीर्णचैत्यालयोद्धारे प्राक्तने चैत्यमंदिरे। अपूर्वार्चाप्रवेशे च यथार्हं शांतिमावहेत् ॥१९०॥

इति शेषप्रतिष्ठाविधानम्।

बिंब प्रतिष्ठाके बाद प्रतिष्ठाचार्य अभिषेकादि यज्ञकी दीक्षा (वेश) को छोड़कर श्रावक व्रतरूप मूल दीक्षामें स्थित हुआ पंचगुरु भक्ति शांतिपाठ विसर्जनादि क्रियाको करे ॥ १८७ ॥ वह दाता यजमान अपनी सामर्थ्यके अनुसार जिनबिंबके निमित्त, क्षेत्र घर कुआ बगीचा आदि धर्मसाधनोंके निमित्त धनको लगाकर और इंद्र (प्रतिष्ठाचार्य) को नमस्कारपूर्वक शक्तिके अनुसार धन देकर आये हुए सज्जनोंको यथायोग्य संतोषित करे१८८॥ इसप्रकार जिनबिंब प्रतिष्ठाविधि पूर्ण हुई। उसके बाद जिनप्रतिष्ठाशास्त्रोंमें कथित रीतिसे सिद्धचक्र गणधरवलयकी पूजा करके तथा सारस्वत श्रुतस्कंध आदि यंत्रको पूजकर सिद्ध आचार्य आदिकी प्रतिमाको प्रतिष्ठित करे ॥ १८९ ॥ जीर्ण (पुराने) जिनमंदिरके उद्धारमें अथवा पुराने जैनमंदिरमें अपूर्व प्रतिमाके आगमनमें यथायोग्य शांतिविधान करे ॥१९०॥ इस प्रकार शेष सिद्धादि प्रतिमाकी प्रतिष्ठाविधि जानना। मैंने (आशाधरने)

एतत्सूत्रं दृब्धमेतिह्यदृष्ट्या ग्रंथार्थाभ्यां धारयन् यः सुधीमान् ।
निर्मातीन्द्रः कर्म निर्देक्ष्यमाणं सद्गार्हस्थाशाधरैः पूज्यतेसौ ॥ १९१ ॥

इत्याशाधरविरचिते प्रतिष्ठासारोद्धारे जिनयज्ञकल्पापरनाम्नि सूत्रस्थापनीयो नाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

अनादि सिद्धांतोंको जानकर इस सूत्ररूप प्रतिष्ठाविधिको रचा है। जो अति बुद्धिमान इस ग्रंथके शब्द और अर्थको धारणकर याजकाचार्य हुआ आगे कहे जानेवाली प्रतिष्ठाविधिको करता है वह इंद्र दानपूजादिकर्मवाले उत्तमगृहस्थपनेको चाहनेवाले सद्गृहस्थोंसे नमस्कारादिद्वारा आदरणीय होता है ॥ १९१ ॥

इसप्रकार पंडितवर आशाधरविरचित जिनयज्ञकल्प द्वितीयनामवाले प्रतिष्ठासारोद्धारमें सूत्रस्थापनीय नामा पहला अध्याय समाप्त हुआ ॥ १ ॥

---

१ दानपूजाप्रतिष्ठाजिनयात्रादिकर्मनिष्ठः सद्गृहस्थ. तस्य भावः कर्म वा ।

द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

अथातस्तीर्थोदकादानविधानमनुवर्णयिष्यामः—

दत्वा पद्माकरायार्घं वास्तुदेवाय चावनीम् ।
संमार्ज्य वायुभिर्मेघैः प्रोक्ष्य पूत्वाग्निनोरगान् ॥ १ ॥
इष्ट्वोद्धृतार्चिते साष्टदलाब्जे मंडलेथवा । सैकाशीतिपदे न्यस्य शांत्यै संस्नापयेऽर्हतः॥ २ ॥

दूसरा अध्याय ॥ २ ॥

इस सूत्रस्थापनके बाद जलयात्राविधि अनुवादरूपसे कहते हैं;—सरोवरको और वास्तुदेवको अर्घ देकर वायुकुमार देवोंके आह्वाननसे भूमिको साफकर मेघकुमार देवोंके आह्वाननसे छिडककर अग्निकुमार देवोंके आह्वाननसे अग्नि जलाकर साठ हजार नागोंको पूजकर अष्टकमल पत्रवाले मांडलेमें लघुशांतिकर्म करके तथा इक्यासी कोठोंवाले मांडलेमें बृहत्शांतिविधान करके मैं अर्हतका अभिषेक करता हूं ऐसा कहता हुआ अर्हतका अभिषेक करे ॥ १ ॥ २ ॥ फिर शांतिकर्म आरंभ करनेके लिये सरोवरके किनारे पुष्पांजलि

शांतिकर्मोपक्रमाय सरस्तीरे पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

यत्पद्मामृतलंभनात्सुमनसां मान्योसि दिक्चंक्रमत्
कल्लोलोसि सदा यदाश्रितवतां संतापहंतासि यत् ।
लोके यद्यपि तावतैव वदसे क्षीरोदवत्त्वं जिन–
स्नानीयेन तथापि तद्वदुदकेनार्घ्योसि कासार नः ॥ ३ ॥

ॐ ह्रीं पद्माकरायार्घं निर्वपामीति स्वाहा । वास्तुदेवाद्यर्घमंत्रा वक्ष्यंते ।

मध्ये दिक्ष्वर्हतोन्यान् प्रदधदधिविदिक् तांस्त्रिशो मंगलादीन्
संसारात्यक्षणास्फुटमहिमभरं धर्ममूर्ध्वं शिवानाम् ।

फैंके और आगे कहे जानेवाले यत्पद्मामृत इत्यादि श्लोकको पढकर ॐ ह्रीं बोलकर सरोवर (तालाव) को जलसे अर्घ देवे ॥ वास्तुदेवादिके अर्घमंत्र आगे कहेंगे ॥ ३ ॥ उस मंडलकी पूर्वादि चार दिशाओंमें सिद्ध आचार्य उपाध्याय सर्व साधुओंका स्थापन करे, विदिशाओंमें मंगल लोकोत्तम शरण इन तीनोंको लिखे, सिद्धोंके ऊपर अत्यंत महिमावाले धर्मको स्थापन करे और आठ पत्रोंपर जयादि आठ देवियोंका स्थापन करे और दश दिशाओंमें दश दिक्स्वामियोंको रक्खे, सोमद्वारपालके ऊपर भागमें सूर्यादि नौग्रह स्थापन करे । वह मंडलचौकोन और चार दरवाजेवाला होना चाहिये ऐसा मंडल कल्याणकारी है । ऐसा

पत्रेष्वष्टौ जयाद्या दशसु दिगधिपान् दिक्षु सोमस्य चोर्ध्वे
सूर्यादीन् साग्निसद्वारहमिह शुभदं मंडलं वर्तयामि ॥ ४ ॥

इति पुष्पांजलिः ।

अष्टाविंद्रादिपीठानि यथास्वं दिक्षु कल्पयेत् । शेषसोमासने चेन्द्रपाशि दक्षिणपार्श्वयोः ॥५॥
अथवा—मध्ये मध्यवदंबुजेष्टसु बहिः पूर्वस्य पत्रस्थचद्रोहिण्याद्यमरीर्धिरष्टसु दधद्यक्षीस्त्रिरष्टस्वपि
देवेंद्रांश्चतुरष्टसु प्रतिदिशं दिक्पालकानगुह्यकान वज्राग्रेषुततोग्रहानपि लिखाम्यत्रेष्टकृन्मंडलम् ६

कहकर पुष्पांजलि क्षेपै ॥ ४ ॥ अब शांति विधानके लिये द्वितीय मंडल कहते हैं—आठ दिशाओंमें आठ इंद्रादिकोंके आसन यथायोग्य कल्पना करे और धरणेंद्र व सोम इन दोनों के आसन इंद्र और वरुणकी दाहिनी तरफ कल्पना करे ॥ ५ ॥ अथवा बृहत् शांतिक मांडलेका विधान कहते हैं—मांडलेके मध्यभागमें पहलेकी तरह अष्टदल कमल बनावे उनमें पंच परमेष्ठी, मंगल, लोकोत्तम, शरण,—ये आठ लिखे । उसके बाद सोलह पत्रोंपर रोहिणी आदि सोलह विद्या देवता स्थापन करे । चौवीसपत्रोंपर चक्रेश्वरी आदि चौवीस शासन देवता (यक्षी) ओंको, बत्तीस कोठोंमें देवेंद्रोंको (यक्षोंको) स्थापन करे । हर एक दिशामें दिक्पालोंको और वज्रोंके अग्रभागमें सूर्यादि नवग्रह लिखे—इस तरह इस सरोवरके किनारे बृहत् शांतिक मंडलका स्थापन करता हूं जोकि इष्टका देनेवाला है ऐसा कहकर पुष्पांजलि क्षेपण करे ॥ ६ ॥ पूजा करनेमें हर्षित हुआ नागेंद्र इत्यादि श्लोकसे पिसे हुए

पुष्पांजलिः ।

नागेंद्रचूर्णेन सितेन रैदपीतेन नीलप्रभनीलकेन ।

भक्ताभरक्तेन लिखासिताभकृष्णेन सन्मंडलमीष्टिहृष्टः ॥ ७ ॥

चूर्णपंचकस्थापनं ।

अथाधिवास्य चिद्रूपमित्यादिविधिना परम् । ब्रह्मार्हदादीन धर्मं च मध्ये मंडलमर्चयेत ॥८॥

पुष्पांजलिः ।

प्रत्यर्थिव्रजनिर्जयानिशलसद्वीवीर्यदृक्शर्मणो लोकेषु त्रिषु मंगलोत्तमविपत्त्राणोल्बणानात्यवत्-धर्मंचक्षुवतोभिदावदधतो यानुत्किरंत्यात्मनो लोकेशानहमार्हितानघभिदे भ्यर्हामि तानर्हतः॥९॥

ॐ ह्राँ अरिप्रमथनाद्रजोरहस्यनिरसनाच्च समुद्भिन्नानंतज्ञानादिचतुष्टयतया शक्रादिकृतामनन्यसंभविनीमर्हणामर्हतां मंगललोकोत्तमशरणभूतानामर्हत्परमेष्टिनामष्टतयीमिष्टिं करोमीति स्वाहा ॥ १ ॥

पांच रंगोंको स्थापन करे। यह चूर्ण पांचका स्थापन जानना ॥ ७ ॥ उसके बाद निश्चय-नयसे (अभेद बुद्धिसे) "चिद्रूपं" इत्यादि आगे कहे जानेवाले श्लोकको पढकर कर्णि-कामें पुष्पांजलि क्षेपै और "स्वामिन् संवौषट्" इत्यादि आगे कहे जानेवाले श्लोकको पढकर आह्वानन स्थापन सन्निधीकरण—इन तीनोंको करके अर्हंतादिकी पूजा करे ॥ ८ ॥ उन अर्हंतादिकोंकी पूजाके अर्घ कहते हैं-। "प्रत्यर्थि" इत्यादि नवमां श्लोक पढकर फिर

सामोदैः स्वच्छतोयैरुपहिततुहिनैश्चंदनैः स्वर्गलक्ष्मी
लीलार्धैरक्षतौघैर्मिलदलिसुगमैरुद्गमैर्नित्यहृद्यैः ।
नैवेद्यैर्नव्यजांबूनदमदमकैर्दीपकैः काम्यधूम–
स्तूपैर्धूपैर्मनोक्षग्रहिभिरपि फलैः पूजयेत्रार्हदीशान ॥ १० ॥

प्रत्येकार्पितसप्तभंग्युपहतैर्धर्मैरनंतैर्विधि–
ध्रौव्याभेदतदत्ययैरनुगते न्यक्षेपि लक्ष्ये सदा ।
तुल्येऽस्मिन् बहिरेतदुद्यतमचिद्रूपं विधातॄन् समं
भोक्षन् मंगललोकवर्यशरणान्येतर्हि सिद्धान् यजे ॥ ११ ॥

ओं ह्रीं सामग्रीविशेषविश्लेषिताशेषकर्ममलकलंकतया संसिद्धिकात्यंतिकविशुद्धविशेषाविर्भावादभिव्यक्तपरमोत्कृष्टसम्यक्त्वादिगुणाष्टकविशिष्टां उदितोदितस्वपरप्रकाशात्मकचिच्चमत्कारमात्रपरमंत्रपरमानंदैकमयीं निष्पीतानंतपर्यायतयैकं किंचिदनवरतास्वाद्यमानलोकोत्तरपरममधुरस्वरसभरनिर्भरं कौटस्थाम-

---

ओं ह्रीं कहकर पुष्प चढावै । फिर "सामोदैः" इत्यादि श्लोक पढकर अर्हंतको जलादि अष्ट द्रव्य चढावै ॥ ९ ॥ १० ॥ फिर "प्रत्येकार्पित" यह श्लोक कहकर ओं ह्रीं इत्यादि पढकर पुष्प चढावै। उसके बाद "सामोदैः" यह कहकर सिद्धपरमेष्टीको अर्घ चढावै॥११॥१२॥

धिष्ठितां परमात्मनामासंसारमनासादितपूर्वामपुनरावृत्त्याधितिष्ठतां मंगललोकोत्तमशरणभूतानां सिद्धपरमेष्ठिनामष्टतयीमिष्टिं करोमीति स्वाहा ।

सामोदैः..फलैः पूजये सिद्धनाथान् ॥ १२ ॥

व्यक्ताशेषश्रुतोपस्कृतिकाषितमस्कांडगंभीरधीर–
स्वांताः षट्त्रिंशदुच्चैः स्फुरदसमगुणाः पंच मुक्त्यै स्वयं ये ।
आचारानाचरंतः परमकरुणया चारयंते मुमुक्षून्
लोकाग्रण्यः शरण्यान् गणधरवृषभान् मंगलं तान्महामि ॥ १३ ॥

ओं ह्रूं व्यवहाररत्नत्रयावधानसमुद्भिद्यमाननिश्चयरत्नत्रयैकलोलीभावमनुभवंतमानंदसाद्रं शुद्धस्वात्मानमभिनिविशमानानामपि स्वस्वरूपोपलब्धिप्रेयसीदृढतरपरिरंभसुखाभिलाषुकमुमुक्षुवर्गानुग्रहैकसर्गायमाणांतःकरणानां मंगललोकोत्तमशरणभूतानामाचार्यपरमेष्ठिनामष्टतयीमिष्टिं करोमीति स्वाहा ।

सामोदैः.. पूजये धर्मसूरीन् ॥ १४ ॥

उसके बाद " व्यक्ताशेष " इत्यादि श्लोक पढकर " ॐ ह्रूं " इत्यादिसे आचार्यपरमेष्ठीको पुष्पांजलि क्षेपण करे फिर " सामोदैः " इस श्लोकको बोलकर आचार्यपरमेष्ठीको जलादि अष्ट द्रव्यसे अर्घ चढावे ॥ १३ ॥ १४ ॥ फिर " सांगोपांग " इस श्लोकको पढकर "ओं ह्रौं"

सांगोपांगागमज्ञाः सुविहितमहिताः सूक्तियुक्तिप्रपंचै-
र्विद्यानिष्पंदतृष्णातरलितमनसः प्रीणयंतो विनेयान् ।
कीर्तिं धर्माय लोकोत्तरगतिकृपणायासकृत्कोपयंतः
ख्याता मांगल्यलोकोत्तमशरणतया येर्चयेऽध्यापकांस्तान् ॥ १५ ॥

ॐ ह्रीं निरंतरघोरदुःखावर्तविवर्तनचतुर्गतिपरिवर्तनार्णवतूर्णनिस्तीर्णमनोरथरथमहारथमनस्कारविनेयवारप्रवचनानुशासनव्यसनानामपि योगसुधारसायनाभ्याससन्निकृष्यमाणाजरामरत्वपर्यायमहिम्नां मंगललोकोत्तमशरणभूतानामुपाध्यायपरमेष्ठिनामष्टतयीमिष्टिं करोमीति स्वाहा ।

सामोदैः..पूजये पाठकेन्द्रान् ॥ १६ ॥

सर्वज्ञो यज्ञविद्याहृदयपरिचयप्रोच्छलन्निर्विकल्प-
प्रत्यग्ज्योतिः प्रतिष्ठान्यदुरधिगमध्युद्गमोद्गारनिष्ठान् ।
अन्योन्यस्पर्धमानत्रिदिवशिवपदश्रीकटाक्षच्छटैर्नी
चिन्मूर्तिं बिभ्रतोऽग्र्यान् शरणमिह यजे मंगलसर्वसाधून् ॥ १७ ॥

इत्यादिसे उपाध्याय परमेष्ठीको पुष्पांजलि क्षेपै पुनः "सामोदैः" इस श्लोकको बोलकर उपाध्यायपरमेष्ठीको जलादि अष्ट द्रव्य चढावे ॥ १५।१६ ॥ उसके बाद "सर्वज्ञो" यह श्लोक बोलकर "ओं ह्रः" इत्यादिसे सर्वसाधुपरमेष्ठीको पुष्पांजलि अर्पण करे फिर

ॐ ह्रः वैस्रसिकपरमाचिन्मयविश्वैश्वर्यपदापहारकठोरकर्मदुष्कर्मशात्रवशक्तिशातनोत्सिक्तचिच्छ-क्तिव्यंजकप्रकामदुर्लक्ष्यतिरेकक्षेत्रज्ञाशांतरप्रवेशदुर्ललितबुद्ध्यनुबंधप्रवर्धमानसद्ध्यानसामिद्धसहजानंदा-मृतरसास्वादनावधीरितपरममुक्तिसंपत्प्रियासमागमोत्कंठानां मंगललोकोत्तमशरणभूतानां सर्वसाधुपरमेष्ठि-नामष्टतयीमिष्टिं करोमीति स्वाहा ।

सामोदैः...पूजये साधुसिंहान ॥ १८ ॥

एवं मध्येऽर्हतो दिक्षु च चतुरः सिद्धादीनभ्यर्च्य विदिक्षु भित्वा कर्मगिरीनित्यादिमंत्रैश्चत्वारि मंगलानि लोकोत्तमान् शरणानि चार्घैः संभाव्य सिद्धोपरि धर्मस्येत्थं पूजां कुर्यात् ।

अश्रांतप्रातिबंधकव्यपगमैकांतस्फुटच्चित्कला-
रूपेणापि जगत्यचिंत्यचरितस्तंतन्यते येन ना ।

“ सामोदैः ” इसे पढकर सर्वसाधुपरमेष्ठीको जलादि अष्ट द्रव्य चढावे ॥ १७।१८ ॥ इस प्रकार मांडलेके बीचमें अर्हंतको, चार दिशाओंमें सिद्धादि चार परमेष्ठियोंको पूजै और विदिशाओंमें “ भित्वा कर्मगिरीन् ” इस आगे कहे जानेवाले श्लोकमंत्रसे चार मंगल चार लोकोत्तम चार शरणको अर्घोंसे पूजकर सिद्ध परमेष्ठीके ऊपर स्थापित धर्मकी इस प्रकार पूजा करै ॥ वह इस तरह है कि पहले “ अश्रांत ” इत्यादि श्लोक पढै उसके बाद “ ओं ह्रीं ” से धर्मको पुष्प क्षेपण करे फिर “ सामोदैः ” इस श्लोकसे जिन धर्मकी जलादि

यत्सर्वस्वरसाय योगिपतयोप्याशासतेत्यक्षणं
तच्छ्रेयो यदनुग्रहश्च वृषमप्यर्चामि तं तद्गुणम् ॥ १९ ॥

ॐ ह्रीं भेदभावनानियतिनिर्मितां प्रादेशिकीमप्यभेदरूपतां योगविशेषसौष्ठवटंकेन विष्वद्रीचीमुत्कीर्य विश्रांतस्य मंगललोकोत्तमशरणभूतस्य केवलिप्रज्ञप्तधर्मस्याष्टतयीमिष्टिं करोमीति स्वाहा।

सामोदैः.......................................पूजये जैनधर्मम् ॥ २० ॥

एष व्यासेन पूजाविधिः, समासेनात्र पुनर्मंगलाद्यर्घान् पृथक् न दद्यात् ॥ एवमर्हदादीनभ्यर्च्य शरच्चंद्रमरीचिरोचिर्द्योतश्चेतसि चिंतयन्ननादिसिद्धमंत्राभिमंत्रितकर्पूरहरिचंदनद्रवाभिलुलितसुरभिशुभ्रपुष्पांजलिभिरेकविंशतिवारानधिवास्य पूर्णार्घदानेन बहुमानयेत्।

तेमी पंच जिनेन्द्रसिद्धगणभृतसिद्धांतदिक्साधवो
मांगल्यं भुवनोत्तमाश्च शरणं तद्वज्जिनोक्तो वृषः।

अष्ट द्रव्यसे पूजा करे ॥ १९।२० ॥ यह विस्तारसे पूजाविधि कही गई है। यदि संक्षेपमें करना हो तो मंगलादिकके अर्घोंको जुदा न चढावे। इस प्रकार अर्हतादिकोंको पूजकर निर्मल चंद्रमाकी किरणके समान प्रकाशमान अर्हतका अपने मनमें ध्यानकर (मेरा आत्मा भी अर्हत स्वरूप है ऐसा चिंतवनकर) अनादि सिद्धमंत्रसे मंत्रित कपूर मिले हुए घिसे हुए मलयागिरिचंदनसे छांटे गये सुगंधित पुष्पोंकी अंजालि लेकर इकीसवार पूर्णार्घ देकर

अस्माभिः परिपूज्य भक्तिभरतः पूर्णार्घमापादिताः
संघस्य क्षितिपस्य देशपुरयोरप्यासतां शांतये ॥ २१ ॥

पूर्णार्घम् ।

इत्यार्चिताः परब्रह्मप्रमुखाः कर्णिकार्पिताः । संतु ससदशाप्येते सभ्यानां शमशर्मणे ॥ २२ ॥

ततश्च जयादिदेवतागणान् वक्ष्यमाणक्रमेणोपचर्य सूर्यादिग्रहान् सोमदिक्पालोपरि व्यवस्थाप्य विधिवत् पूजयेत् । तथाहि—

रक्तस्तुल्यरुगंबरादियुगिनः श्वेतः शशी लोहितो
भौमो हेमनिभौ बुधामरगुरू गौरः सितश्चासिताः ।

मंडलकी पूजा करे । उस समय "तेमी" इत्यादि श्लोक पढे ॥ २१ ॥ उसके बाद "इत्यर्चिता" यह आशीर्वाद श्लोक पढे ॥ २२ ॥ उसके बाद जया आदि देवताओंको कहे-जानेवाले क्रमसे पूज करके सूर्यादि नवग्रहोंको सोमदिक्पालके ऊपरभागमें स्थापन करके विधिपूर्वक पूजे । उसीको बतलाते हैं–सूर्यका रंग लाल है और वस्त्र चमर छत्रविमान भी लाल हैं, चंद्रमाका वर्ण सफेद है, मंगलका लाल वर्ण है, बुध और बृहस्पतका रंग सुवर्णके समान है, शुक्रका रंग सफेद है, शनि, राहु और केतु–ये तीनों काले रंगके हैं। इन ग्रहोंको

---

[1] सूर्यादि राहुपर्यंत ग्रहोंको आठ दिशाओंमें स्थापन करे बुध और बृहस्पतिके मध्यमे केतुका आसन स्थापित करे

कोणस्थातनुकेतवो जिनमहे हुत्वेह पूर्वादितः
सोमोर्ध्वेधिकुशं निवेश्यमुदमाप्स्यंते सवर्णार्चनैः ॥ २३ ॥

पूर्वादिदिक्षु सवर्णाक्षतपुंजान् स्थापयित्वा तदुपरि सूर्यादीनां क्रमेण कुंकुमाद्यक्तदर्भासनानि विन्यसेत्-

इति दर्भन्यासविधानम् ।

प्रारब्धाः फणियक्षभूतक्रतुभिर्देहार्तिवित्तक्षतिः
स्थानभ्रंशरसाद्यसाम्यविपदस्तत्कल्पनाकल्पतः ।

जिन प्रतिष्ठोत्सवमें आह्वानन कर सोम दिक्पालके ऊपरभागमें दर्भ रखकर पूर्वादि दिशाओंमें स्थापन कर समान वर्णकी पूजन द्रव्यसे पूजे तो आनंदमंगल प्राप्त होते हैं ॥ २३ ॥ उनके समान रंगवाले अक्षतके पुंजोंको रखकर उनके ऊपर सूर्यादिके क्रमसे कुंकुमादि रंगे-हुए दर्भ (दाभ) के आसनोंको रखे । भावार्थ—सूर्यके लिये उत्तम केसरसे दाभको रंगे, चंद्रमाके लिये चंदनसे, मंगलके लिये सिंदूरसे, बुध बृहस्पतके लिये हलदीसे, शुक्रके लिये चंदनसे और शनि राहु केतुके लिये कस्तूरीसे रंगे । इस प्रकार दर्भ रखनेकी विधि वर्णनकी गई ॥ नागकुमारदेव शरीरपीडा करते हैं, यक्षदेव धन हरते हैं, भूतदेव स्थानभ्रष्ट करते हैं, राक्षसदेव धातुवैषम्य करते हैं इसलिये नागकुमारादिकी स्थापना करके पूजनेसे पूर्वोक्त सब विघ्न दूर हो जाते हैं तथा सूर्यादिग्रहोंकी पूजा करनेसे कापालिक भिक्षु वर्णी

येऽन्विष्टेषु च तापसादिषु शमं यांत्याशयित्वार्चिते-

ष्वातन्वंतु गुरुप्रसादवरदास्तेर्कादयो वः शिवम् ॥ २४ ॥

कुमारदीक्षितेष्वेकतममर्चयतां रुजः । कुजः कुष्याद् ग्रहाः शेषाः सवर्णेषु जिनेषु वः ॥ २५ ॥

आदित्यादीनां सपर्याविध्यनुवादमुखेन प्रभावख्यापनाय प्रतिदिशं पुष्पोदकाक्षतं क्षिपेत् ।

ग्रहाः संशब्दाये युष्मानायात सपरिच्छदाः ।

अत्रोपविशतैतान् वो यजे प्रत्येकमादरात् ॥ २६ ॥

आवाहनादिपुरस्सरं प्रत्येकपूजोपक्रमाय पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

संन्यासी आदिकर किये गये उपद्रव शांत होते हैं । ऐसे गुरूके प्रसादसे वर देनेवाले सूर्यादि ग्रह तुम भव्योंका कल्याण करें ॥ २४ ॥ अथवा बाल ब्रह्मचारी वासुपूज्य मल्लि नेमि पार्श्व महावीर–इन पांचोंमे किसी एकको पूजनेसे मंगल ग्रह रोग शांत करता है । और ग्रहोंके समान वर्णवाले तीर्थंकरोंमेंसे किसी एकको पूजनेसे बाकी अन्य ग्रह भी रोगोंका नाश करते हैं ॥ २५ ॥ सूर्यादि ग्रहोंकी पूजाविधिके द्वारा प्रभाव बतलानेके लिये सब दिशाओंमें पुष्प जल अक्षतोंको क्षेपण करे । अब आह्वानादि पांच उपचारोंसे उनकी पूजा दिखलाते हैं–हे सूर्यादि ग्रहो ! हम तुमको बुलाते हैं, तुम सपरिवार आओ, यहां तिष्ठो, तुम सबको हम आदरसे पूजते हैं । यहां पर आह्वानन स्थापन सन्निधीकरण पूजन–

ऊर्ध्वं विस्तीर्णमंशान् वसुजलधिमितान् योजनस्यैकषष्ठान्
मुक्त्वाष्टौ तच्छतानि क्षितिमनिलधृतं खेस्थहस्तैश्चतुर्भिः ।
पूर्वाद्याशानुपूर्व्या पृथगिभभिदिभोक्षार्वदेवैर्विमानं
स्वारूढो नीयमानं दशशतशरदन्वीतपल्योत्तमायुः ॥ २७ ॥
त्वं तोष्टा तापसेष्ट्या कमलकरहरिद्वाहनेता ग्रहाणां
नैवेद्यैः सानुगोर्कैधनशृतपरमान्नाद्यसर्पिर्गुडाद्यैः ।
गंधैः पुष्पैः फलैश्चोत्तमघुसृणजपापक्वनारंगपूर्वै-
स्ताद्दक्षैश्चाक्षताद्यैरिह हरिहरिति प्रीणितः प्रीणयास्मान् ॥ २८ ॥

ये चार उपचार कहे गये हैं विसर्जन पूजाके वाद होता है। इस तरह पांच उपचार पूजाके सब जगह जानना चाहिये ॥ २६ ॥ इस प्रकार हर एककी पूजाके आरंभमें आह्वाननादि करनेके समय पुष्पांजलिका क्षेपण करना चाहिये । अब सूर्यादिकी पूजाविधि कहते हैं-पहले “ ऊर्ध्वं ” इत्यादि और “ त्वं तोष्टा ” इत्यादि-ये दो श्लोक पढकर “ हे आदित्य ” कहकर आह्वानन स्थापन सन्निधीकरण करे, उसके वाद “ ओं आदित्याय ” इत्यादि बोलकर जलादि आठ द्रव्य चढावे । आकके ईंधनसे पकाई हुई खीर ताजा गौका घी गुड लाडू वगैरः नैवेद्यसे पूजै तथा अग्निमें आहुतियां दे जिसके लिये यह पूजाकर्म

हे आदित्य आगच्छ आदित्याय स्वाहा आदित्यानुचराय स्वाहा आदित्यमहत्तराय स्वाहा अग्नये स्वाहा अनिलाय स्वाहा वरुणाय स्वाहा सोमाय स्वाहा प्रजापतये स्वाहा ओं स्वाहा भूः स्वाहा भुवः स्वाहा स्वः स्वाहा ओं भूर्भुवः स्वः स्वधा स्वाहा ओं आदित्याय स्वगणपरिवृताय इदमर्घ्यं पाद्यं गंधं पुष्पं धूपं दीपं चरुं बलिं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतामिति स्वाहा । इत्यादित्याह्वाननं । "यस्यार्थे क्रियते कर्म स प्रीतो नित्यमस्तु मे । शांतिकं इत्यादि ॥

तद्विबाहुरुविंबमष्टभिरितो भागैश्चरद्योजना-
शीत्योर्ध्वं सदिवाब्दलक्षयुतपल्यौकायुरश्चोर्दिशि ।
शीतांशो सरलाज्यकिंशुकसमितिसद्धान्नदुग्धादिभि-
स्त्वं कापालिकसत्क्रियामिय इह ग्राय ग्रहाग्रमभो ॥ २९ ॥

हे सोम आगच्छ सोमाय स्वाहा ।

करता हूं वह देवता मेरे ऊपर हमेशा प्रसन्न रहे । ऐसा अंतमें सब जगह कहना चाहिये ॥ २७।२८ ॥ इस प्रकार सूर्यकी पूजाविधि हुई । "तद्विबाहुरु" इत्यादि श्लोक पढकर "हे सोम" इत्यादिसे आह्वानादि करे फिर पूर्व कही ओंह्रींमें "आदित्याय" की जगह "सोमाय" बोलकर जलादि आठ द्रव्य चढावे ॥ देवदारुकी लकडीका चूरा घी ढाककी लकडीसे पकाया अन्न दूध–इन सबको मिलाकर आहुतियां अग्निमें दे, यह सोमकी पूजा

ज्यूने विंबमितोंकयोजनशते क्रोशार्धमात्रं क्षिते-
र्वासं द्विद्विसहस्रकेसरिमुखैर्भिक्षुप्रियः शूलभृत् ।
पल्यार्धायुरपाक्कुजात्र खदिराभृष्टैर्गुडाजोत्कटैः
संतुष्टो यवसक्तुभिर्घृतयुतैर्दुर्गादिभिर्धूप्यसे ॥ ३० ॥

हे-अंगारक आगच्छ अंगारकाय स्वाहा ।

विंबं खं शशिनोष्टयोजनमतीत्योर्ध्वंव्रजञ्जूजवत्
क्रोशार्धप्रमितं कुजस्थितिरितो वर्णाष्टिमुत्पुस्तकम् ।

हुई । २९ ॥ " ज्यूने " इत्यादि श्लोक पढ़कर " हे अंगारक " इत्यादिसे आह्वाननादि तीन करे फिर ओं ह्रीं " अंगारकाय " लगाकर जलादि आठ द्रव्य चढावे । इसमें खैरकी लकड़ीसे भुने हुए गुड घीसे मिले हुए जौके सत्तुओंसे तथा गूगुल घी राल इलाइची अगुरु आदिकी धूपसे दक्षिण दिशामें आहूतियां दे। इससे मंगलदेव प्रसन्न होता है ॥ ३० ॥ यह मंगलकी पूजा हुई । " विंबं " इत्यादि श्लोक पढकर "हे बुध " इत्यादिसे आह्वाननादि करे फिर ओंह्रीं "बुधाय" लगाकर जलादि अष्ट द्रव्य चढावे। इसकी पूजामें ब्रह्मचारीको अष्ट सिद्धि मिलती है। अपामार्गकी लकडीसे भातको बनाकर उसमें दूध डाले ऐसा नैवेद्य बनावे तथा राल घीकी धूपसे पश्चिमदिशामें आहूतियां दे यह बुधकी पूजा हुई

विभ्र त्वं विधुजोपवीतयुगपामार्गैधासिद्धौदन-
क्षीरं सर्ज रसाज्यधूपमजगो रक्षोदिशि स्वीकुरु ॥ २१ ॥

हे बुध आगच्छ बुधाय स्वाहा ।

तच्चाराद्रसयोजनैरुपरि या तद्वाद्विमानं मनागूनक्रोशमितः सपुस्तककमंडल्वक्षसूत्रोऽजगः ।
पल्यैकायुरिहोपवीतरुचिरोरस्कःपरिव्राडतः प्रत्यक् पिप्पलपकपायसहविर्धूपैर्गुरोऽभ्यर्च्यसे २२

हे बृहस्पते आगच्छ बृहस्पतये स्वाहा ।

सौम्याश्वेध्युषितस्त्रियोजनमतिक्रांतिभ्रयानं तथा
प्रेर्यं क्रोशततं त्रिसूत्रफणभृत्पाशाक्षसूत्रैः स्फुरन् ।
प्रीतः पाशुपते सवर्षशतपल्यायुः भ्रुवस्थो मरुत्-
काष्ठायां गुडफल्गुपाचितयवानाज्यैः कवे पूज्यसे ॥ २२ ॥

हे शुक्र आगच्छ शुक्राय स्वाहा ।

॥ २१ ॥ " तच्चारा " इत्यादि श्लोक पढकर " हे बृहस्पते " इत्यादिसे आह्वानादि करे फिर ओंह्रींमें "बृहस्पतये" लगाकर जलादि द्रव्य चढावे यहांपर पश्चिमदिशामें पीपलकी लकडीसे बनी हुई खीरमें गौके घीसे मिश्रित धूप डाले उससे आहुतियां देवे । यह बृहस्पतकी पूजा हुई ॥ २२ ॥ "सौम्याश्वे " इत्यादि श्लोक बोलकर "हे शुक्र इत्यादिसे आह्वानादि करे फिर

क्रोशार्धं पृथुयोजनैस्त्रिभिरुपर्यभ्रैः कुजान्मंडलं
तद्वद्दंतृगतोर्द्ध्वपल्यपरमायुष्कस्त्रिसूत्रीयुतः ।
नीतस्तृप्तिमुदक्शमींधनशृतैर्माषैस्तिलैस्तंदुलै
रालाज्यागुरुणेज्यसे श्रवणगुप्तैपालपूज्यः शने ॥ ३४ ॥

हे शनैश्चर आगच्छ शनैश्चराय स्वाहा ।

त्यक्तारिष्टदरोनयोजनततस्वव्योमपानध्वजं
चत्वारि व्रजदंगुलान्यहरहः षष्ठे च मास्यैंदवम् ।

ओंह्रींमें " शुक्राय " जोडकर जलादि द्रव्य चढावे । यहां वायव्यदिशामें फल्गुकाष्ठसे भुने हुए जौ गुड घी मिलाकर अग्निमें आहुति दे । यह शुक्रकी पूजा हुई ॥ ३३ ॥ " क्रोशार्द्धं " इत्यादि श्लोकको पढकर "हे शनैश्चर" इत्यादिसे आह्वानादि करे फिर ओंह्रींमें "शनैश्चराय" लगाकर जलादि अष्ट द्रव्य चढावे । यहांपर शमीकी लकडी उरद तिल चांवल तथा राल घी अगुरुकी धूपसे आहुतियां दे । इस प्रकार शनैश्चरकी पूजा हुई ॥ ३४ ॥ " त्यक्त्वा " इत्यादि श्लोक पढकर " हे राहो " इत्यादिसे आह्वानादि करे फिर ओंह्रींमें " राहवे " लगाकर जलादि अष्ट द्रव्य चढावे । यहां दूवके ईंधनसे पकाया गया काला किया गया गेहूं आदिका चून तथा दूध घी लाख इनकी धूपसे अग्निमें आहुतियां दे ॥

विंवं छादयिता तदंशुनिवहै राहो द्विजार्चामहो
दूर्वापिष्टपयोघृताक्तजतुधूपेनेशदिश्यर्च्यसे ॥ ३५ ॥

हे राहो आगच्छ राहवे स्वाहा ।

षष्ठे षष्ठ उपेत्य मासि तपनस्येंदोस्तमोविंवव–
द्विंवाद्विंवमथश्चरन्मलिनयत्यंशद्रमैस्तद्वियत् ।
दर्शांतेधिवसान्निहोर्ध्वदिशि तत्केतो सकुल्माषकं
स्फूर्जत्केतुसहस्रदेह सकुशं विल्वाड्यधूपं भज ॥ ३६ ॥

हे केतो आगच्छ केतवे स्वाहा ।

एते सप्तधनुःप्रमाणवपुरुत्सेधा नवापि ग्रहाः
शश्वचंद्रवलावलाप्यसदसद्वानस्फुरद्विक्रमाः ।

यह राहुकी पूजा हुई ॥ ३५ ॥ " षष्ठे " इत्यादि श्लोक पढकर " हे केतो " इत्यादिसे आह्वा-नादि करे फिर ओंह्रींमें " केतवे " लगाकर जलादि अष्ट द्रव्य चढावे । यहां कुल्माष (कुलथी) के चूनको दर्भके ईंधनसे पकावे तथा घी मिले हुए कच्चे वेलकी धूपसे आहूतियां दे। यह केतु ग्रहकी पूजा हुई ॥ ३६ ॥ उसके बाद " एते " इत्यादि श्लोक पढकर " ओं ह्रीं "

सत्कृत्योपहृतामिमामिह महे-पूर्णाहुतिं प्राभुत
प्रीतिं व्यंक्त च यष्टृयाजकनृपादीष्टप्रदानाद् हुतम् ॥ ३७ ॥

पूर्णाहुतिः । ओं ह्रीं ह्रः फट् आदित्यमहाग्रह अमुकस्य शिवं कुरु २ स्वाहा । एवं सोमादिष्वपि- योज्यम् ।

हुत्वा स्वमंत्रचितमंबुनि सप्तसप्तमुष्टिप्रमाणतिलशालियवं प्रसात्तिम् ।
नीता घृतप्लुतसमिद्भिरथाग्निकुंडे एकादशस्थवदवंतु सदा ग्रहा वः ॥ ३८ ॥

आशीर्वादः । इति ग्रहपूजाविधानम् । अथात्र मंडले स्नपनपीठे निवेश्य जिनचतुर्विंशतिं प्रागुक्तविधिना स्नपयेत् ।

लघ्वेषोष्टदले शांतिकर्मैकाशीतिके बृहत् । मंडले स्थाप्यतां कल्पो यथा ध्यानं तु तत्फलम्॥२९॥

इत्यादिसे पूर्ण आहूति दे। हर एक ओंह्रींमें ग्रहोंके नाम तथा यजमानका नाम अवश्य लगाना चाहिये ॥३७॥ फिर 'हुत्वा' इत्यादि आशीर्वाद श्लोक पढे फिर सात सात मुठी प्रमाण तिल शालिचांवल जौ इन तीन धान्योंको जलमें क्षेपणकर घृतसे लिपटी हुई लकडीसे अग्निमें आहूतियां दे ॥ ३८ ॥ इस प्रकार नव ग्रहकी पूजा जानना ॥ उसके वाद उस मांडलेमें अभिषेकके सिंहासनपर चौवीस तीर्थंकरोंका स्थापन करके पहले कही हुई विधिसे अभिषेक करे ॥ लघुशांतिकर्म आठपत्रके मंडलपर और बृहत् शांतिकर्म इक्यासी कोठोंके

ते मंत्रविद्यथाम्नातमुक्तेनुक्ते तु कर्मणि। युंज्याद्यथार्हं विघ्नानामनुत्पत्त्यै शमाय च ॥ ४० ॥

इति शांतिकर्मविधानं। अथातो जलाशयमुपसद्य सुपवित्रपात्रे वरकाश्मीरकर्पूरादिना कार्णिकायां ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपरब्रह्मणेनंतानंतज्ञानशक्तये नमः इति लिखित्वा पूर्वाद्यष्टदलेषु क्रमेण ओं ह्रीं श्रीप्रभृतिदेवताभ्यःस्वाहा १ ओं ह्रीं गंगादिदेवीभ्यः स्वाहा २ ओं ह्रीं सीताविद्धमहाहृददेवेभ्यःस्वाहा ३ ओं ह्रीं सीतोदाविद्धमहाहृददेवेभ्यः स्वाहा ४ ओं ह्रीं लवणोदकालोदमागधादितीर्थदेवेभ्यः स्वाहा ५ ओं ह्रीं सीतासीतोदामागधादितीर्थदेवेभ्यः स्वाहा ६ ॐ ह्रीं संख्यातीतसमुद्रदेवेभ्यः स्वाहा ७ ॐ ह्रीं

मंडलपर यथायोग्य करे। उसका फल ध्यानके माफिक मिलता है अर्थात् लघुशांतिकर्म भी सम्यक ध्यानसे कियाजाय तो महाफल देता है और बड़ा शांतिविधान भी थोडे ध्यानसे किये जानेपर थोड़ा फल देता है ॥ ३९ ॥ वह बुद्धिमान् इंद्र शास्त्रकथित रीतिसे तीर्थोदकादानविधिमें कहे गये लघु वृहत् शांतिविधान कर्मोंको अग्रिम विघ्नोंकी अनुत्पत्ति और पूर्वविघ्नोंकी शांतिके लिये यथायोग्य करे ॥ ४० ॥ इस प्रकार शांतिकर्मका विधान कहा गया। अब उसके बाद जलाशय (सरोवर नदी) के किनारे जाकर धोये हुए नवे थालमें उत्तम केशर कपूरसे अष्टपत्रकमलकी कर्णिका (बीचभाग) में " ओं ह्रीं अर्हं " इत्यादि लिखकर पूर्वादि आठ पत्रोंपर क्रमसे " ओं ह्रीं श्री " इत्यादि आठ मंत्र लिखकर तीनवार मायाबीजकी ईकारमात्रासे वेष्टितकर क्रोंकार अंतमें

लोकाभिमततीर्थदेवेभ्यः स्वाहा ८ ॥ इति विलिख्य त्रिर्मायामात्रया परिक्षिप्य क्रौंकारेण निरुध्य बहिः
" मुखमूलवपोपेतपत्रपद्मांकितः सितः । पववर्णांकदिक्कोणः कलशस्तोयमंडलम् " ॥ इत्येवं लक्षणं वरुणमंडलं चालिख्य परब्रह्मार्चनपुरस्सरं पत्रेषु जलदेवताः स्वस्वमंत्रपूतजलादिभिरुपचरेत् । तद्यथा ।

तद्ब्रह्मचिन्मयसुधारसपूरभोक्तृ वाक्यामृताप्लुतजगद्विधिपूर्वमेतत् ।
अब्गंधतंदुलकृतांतचरुप्रदीपधूपप्रसूनकुसुमांजलिभिर्यजेऽस्मिन् ॥ ४१ ॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपरमब्रह्मणेऽनंतानंतज्ञानशक्तये इदं जलं गंधमक्षतान् पुष्पाणि चरुं दीपं धूपं फलं पुष्पांजलिं च निर्वपामीति स्वाहा ।

लिखे । उसके बाहर जलमंडल लिखकर श्री परब्रह्म अर्हंतका पूजन करे, फिर आठ पत्रोंपर आठ प्रकारके जलदेवताओंका पूजन अपने २ मंत्रसे मंत्रित पवित्र जलादि द्रव्योंसे करे ॥ जलमंडलकी विधि इसतरह है कि पहले आठ पत्रका कमल बनावे उसके आगे कलशाका आकार लिखे उसके मुखभागपर कमल खींचे उसके मध्यभागमें पत्रके ऊपर वकार लिखे उसके बाद कलशके नीचे भागपर कमल बनावे उसके मध्यपत्रमें पकार लिखे । कलशाका वर्ण सफेद है, उस कलशकी चारों दिशाओंमें पकार लिखे, बाहरके भागमें चारकोनोंमें वकार लिखे—इस प्रकार वरुणमंडल (जलमंडल) जानना ॥ अब अष्टदल कमलपत्रकी पूजाविधि कहते हैं—" तद्ब्रह्म " इत्यादि श्लोक पढकर " ओं ह्रीं " इत्यादिसे परम ब्रह्म अर्हंत देवकी जलादि अष्ट द्रव्यसे पूजा करे ॥ ४१ ॥ " पद्मादि " इत्यादि श्लोक पढकर

पद्मादिदिव्यह्रदवारिविभूतीभोक्त्री श्रीपूर्वदिव्ययुवतीर्विधिपूर्वमेताः ।
अव्गंध.. ॥ ४२ ॥

ओं ह्रीं श्रीप्रभृतिदेवताभ्यः इदं........................ ।

गंगादिदिव्यसरिदंबुविभूतिभोक्त्री गंगादिदैवतवधूर्विधिपूर्वमेताः ।
अव्.. ॥ ४३ ॥

ओं ह्रीं गंगादिदेवीभ्यः इदं........................ ।

सीतातदुत्तरसरित्प्रणयि ह्रदांभो भोक्तन्महाह्रदसुरान् विधिपूर्वमेतान् ।
अव्.. ॥ ४४ ॥

ओं ह्रीं सीताविद्धमहाह्रददेवेभ्यः इदं........................ ।

सीतातदुत्तरसरित्प्रणयि ह्रदांभो भोक्तन्महाह्रदसुरान् विधिपूर्वमेतान् ।
अव्.. ॥ ४५ ॥

"ओं ह्रीं श्रीप्रभृति" इत्यादिसे पहले पत्रके ऊपर जलादि अष्टद्रव्य चढावे ॥ ४२ ॥ "गंगादि" इत्यादि श्लोक पढकर "ओं ह्रीं गंगादि" इत्यादिसे जलादि अष्ट द्रव्य दूसरे पत्रपर चढावे ॥ ४३ ॥ "सीता" इत्यादि श्लोक पढकर "ओं ह्रीं सीताविद्ध" इत्यादिसे तीसरे पत्रपर जलादि अष्टद्रव्य चढावे ॥ ४४ ॥ "सीता तदुत्तर" इत्यादि श्लोक पढकर

ओं ह्रीं सीतोदाविद्धमहाह्रददेवेभ्य इदं........ .... ।

सिंधुप्रवेशपथतोयविभूति भोक्ष्यन् श्रीमागधादिविबुधान् विधिपूर्वमेतान् ।

अर्घ्.. ॥ ४६ ॥

ओं ह्रीं लवणोदकालोदमागधादितीर्थदेवेभ्यः इदं .... ।

सिंधुप्रवेशपथतोयविभूतिभोक्ष्यन् श्रीमागधादिविबुधान् विधिपूर्वमेतान् ।

अर्घ्.. ॥ ४७ ॥

ओं ह्रीं सीतासीतोदामागधादितीर्थदेवेभ्यः इदं............... ।

संख्यातिगांबुनिधिनीरविभूति भोक्ष्यन् क्षारादिवारिधिसुरान् विधिपूर्वमेतान् ।

अर्घ्.. ॥ ४८ ॥

ओं ह्रीं संख्यातीतसमुद्रदेवेभ्यः इदं .... ।

" ओं ह्रीं सीतोदाविद्ध " इत्यादिसे चौथे पत्रपर जलादि अष्ट द्रव्य चढावे ॥ ४५ ॥ " सिंधुप्रवेश " इत्यादि श्लोक पढकर " ओं ह्रीं लवणोद " इत्यादिसे पांचवें पत्रपर जलादि अष्ट द्रव्य चढावे ॥ ४६ ॥ " सिंधुप्रवेश " इत्यादि श्लोक पढकर " ओं ह्रीं सीतासीतोदा " इत्यादिसे छठे पत्र पर जलादि अष्टद्रव्य चढावे ॥ ४७ ॥ " संख्यातिगां " इत्यादि श्लोक पढकर " ओं ह्रीं संख्या " इत्यादिसे सातवें पत्रपर जलादि अष्टद्रव्य चढावे ॥ ४८ ॥

लोकप्रसिद्धपुरतीर्थजलार्द्धं भोक्ष्यन् लोकेष्टतीर्थमरुतो विधिपूर्वमेतान् ।
अर्घ्.. ॥ ४९ ॥

ओं ह्रीं लोकाभिमततीर्थदेवेभ्य इदं..............स्वाहा ।

एवं जलदेवताः प्रसाद्य तत्पूजां जलाशयमध्ये प्रविश्य मंत्रमिमं पठित्वा प्लावयेत् ।

ॐ " एतां भोक्त्र्योंबुभाराम्बुरुहदसरितां श्र्यादिगंगादिदेव्यस्तीर्थानां मागधाद्या इम उदधिसुरास्तोयधीनामिमेमी । अन्येषां चार्पितार्घा निजनिजसलिलश्रीविलासैर्जिनेंद्रोर्भक्तिप्रह्वाः प्रतिष्ठाभिषवमहकृते सारयंत्वेतदर्णः " ॥ ५० ॥

इति पूजाप्लावनमंत्रः । ततः शक्रास्तज्जलेन कलशान् पूरं पूरं तीरे प्रस्तीर्य चंदनस्त्रदूर्वादर्भादिभिरभ्यर्च्य तन्मुखेषु श्र्यादिमंत्रपूतं पल्लवफलं विन्यस्य कृतकलशोद्धारमंत्रोपहारोपस्कारानेतानेकशः स्वयमुद्धृत्योद्धृत्य तत्क्षणसंमानितपुरंध्रीपाणिपद्मेषु समर्प्य शेषकलशान्निजकरकमलैरुद्वहंतो

" लोकप्रसिद्ध " इत्यादि श्लोक पढकर " ओं ह्रीं लोकाभिमत " इत्यादि कहकर आठवें पत्रपर स्थित देवताकी जलादि अष्ट द्रव्यसे पूजा करे ॥ ४९ ॥ इसप्रकार जलदेवताओंको पूजासे प्रसन्न करके जलाशयमें घुसकर इस आगेके " ओं एतां " इत्यादि श्लोकमंत्रसे उस लिखित कमलपत्रका विसर्जन कर दे (छोड़ दे) ॥ ५० ॥ उसके बाद वे इंद्र उस

गजादिवाहनान्यधिरुह्य महोत्सवेनाभिचैत्यालयमागच्छेयुः । ओं श्री ह्री धृतिकीर्तिबुद्धिलक्ष्मीशांति-पुष्टयः श्रमद्दिकुमार्यो जिनेन्द्रमहाभिषेककलशमुखेष्वेतेषु नित्यनिविष्ठा भवत भवतेति स्वाहा । इति श्र्यादिमंत्रः ।

ॐ "क्षीराब्धिं सर्वतीर्थोदकमयवपुषा स्वैरमाक्रोशतोस्य क्षीरैः पद्माकरस्य प्रणयमुपगतान् शातकुंभीयकुंभान् । सानंदं श्र्यादिदेवीनिचयपरिचयोज्जृंभमाणप्रभावानेतानभ्युद्धरामो भगवदभिषवश्रीविधानाय हर्षात् ॥ ५१ ॥

इति कलशोद्धारमंत्रः । एतत्पठित्वा पुष्पाक्षतेनोपहार्यं कलशानुद्धरेत् । इति तीर्थोदकादानविधानम् । अथ जिनयज्ञादिविधानान्यभिधास्यामः—

जलसे कलशोंको भरकर किनारेपर रक्खे फिर उनको चंदन; पुष्पमाला-दूब-दर्भ-अक्षत सरसोंसे पूजकर उनके मुखपर 'श्री आदि' मंत्रसे पवित्रित पत्ता व फल रखके कलशोद्धार मंत्रसे पूजित कर एक घटको उठावे । फिर उसी समय सौभाग्यवती स्त्रियोंके हस्तकमलोंमें रखे और बचे हुए कलशोंको आप हाथमें लेकर हाथी आदिकी सवारीपर चढके महान उत्सवके साथ चैत्यालय (जिनमंदिर) में आवें ॥ "ओं श्री" इत्यादि श्री आदि मंत्र है । "ओं क्षीराब्धिं" इत्यादि कलशोद्धारमंत्रश्लोक हैं ॥ ५१ ॥ ऐसा पढकर पुष्प अक्षतादि

इंद्रश्चैत्यालयं गत्वा वीक्ष्य यज्ञांगसज्जनान्। यागमंडलपूजार्थं परिकर्माचरेदिदम् ॥ ५२ ॥
स्नानानुस्नानभागात्तधौतवस्त्रो रहः स्थितः। कृतेर्यापथसंशुद्धिः पर्यंकस्थोऽमृतोक्षितः॥५३॥
दहनप्लावने कृत्वा दिव्यस्यांगेषु दिक्षु च। न्यस्य पंचनमस्कारान् प्रयुक्तगुरुमुद्रकः ॥ ५४ ॥
व्युत्सृज्यांगं पूरकेण व्याप्ताशेषजगत्त्रयम्। शुद्धस्फटिकसंकाशं प्रातिहार्यादिभूषितम् ॥ ५५ ॥
पादाधोनं नमद्विश्वं स्फूर्जंतं ज्ञानतेजसा। परमात्मानमात्मानं ध्यायन् जप्त्वापराजितम्॥५६॥

क्षेपण कर कलशोंको उठाना चाहिये ॥ इस प्रकार जलयात्राविधान वर्णन किया ॥ अब जिनयज्ञादि विधियोंको कहते हैं—प्रतिष्ठाचार्य इंद्र चैत्यालयमें जाकर पूजा सामग्री और श्रावकोंको देखकर यागमंडलकी पूजा करनेके लिये इस कहे जानेवाले अंगसंस्कारको करे ॥ ५२ ॥ पहले तो जलसे स्नान करे; उसके बाद मंत्रस्नान करे; पुनः धुले हुए धोती दुपट्टे पहरे। उसके बाद एकांतमें स्थित होकर ईर्यापथशुद्धि करके पद्मासन लगाकर अमृतमंत्रसे मंत्रित जलको अपने ऊपर छिड़के ॥ ५३ ॥ आगे कहे जानेवाली दहन प्लावन क्रियाओंको करके अपने अंगोंमें और दिशाओंमें पंच नमस्कारका न्यास करके पंचगुरुमुद्राको धारण करे ॥ ५४ ॥ पूरकवायुसे कायोत्सर्ग करके परमात्माके समान अपना ध्यान करे और नमस्कार मंत्रको जपे। इसप्रकार परिणामोंकी शुद्धिसे पापोंका नाश कर पुण्यात्मा हुआ

---

१ एते श्लोकाः वसुनंदिसैद्धांतिकाचार्यविरचितप्रतिष्ठासारसंग्रहेपि संति इति तद्रीतिमनुसृत्यात्रापि उद्धृता इति प्रतीयते।

परिणामविशुद्ध्यास्तपाप्मौघः पुण्यपुंजभाक् । ध्वस्तापायचयः कुर्याज्जिनयज्ञादिसंविधीन् ५७
झं वं स्वरावृतं तोयमंडलद्वयवेष्टितम् । तोये न्यस्याग्रतर्जन्या तेनानुस्नानमावहेत ॥ ५८ ॥
अर्धचंद्रपुटीरूपं पंचपत्रांबुजाननम् । नांतलांताग्रादिकोणं धवलं जलमंडलम् ॥ ५९ ॥
पृथग्द्विद्व्येकवाक्यांतमुक्तोच्छ्वासं जपेन्नव । वारान् गाथां प्रतिक्रम्य निषद्यालोचयेत्ततः॥६०॥
गुरुमुद्राग्रभू झं वं ह्वः पोह्रोभ्योमृतैः स्वके । स्रवद्भिःसिच्यमानं स्वं ध्यायन् मंत्रमिमं पठेत् ॥६१॥

विघ्नोंको दूर कर जिनेन्द्रदेवकी पूजादि क्रियाओंको करे ॥ ५५ । ५६ । ५७ ॥ अब अनुस्नाना-दि क्रियाओंको कहते हैं—झं वं इन दो अक्षरोंको जलमंडलमें लिखकर उसको जलमें रखे; फिर तर्जनी अंगुलीसे जल लेकर अपने ऊपर डाले—यह मंत्रस्नान है ॥ ५८ ॥ जो अर्ध-चंद्रपुटी स्वरूप हो जिसका मुख पांचकमल पत्ररूप हो जिसके, दिशाओंके कोने "प व" इन दो अक्षरोंसे व्याप्त हों और श्वेतवर्ण हो, वह जलमंडल है ॥ ५९ ॥ एक उच्छ्वासमें तीन वार इस तरह तीन उच्छ्वासोंमें नौवार मंत्रको जपकर "ईर्यापथे" इत्यादि श्लोक पढे ॥ ६० ॥ यह ईर्यापथशोधन किया है । गुरुमुद्राके अग्रभागकी भूमिमें 'झं वं ह्वः पो हः—'इन अमृत अक्ष-रोंसे अपनेको सींचा हुआ समझ ध्यान करे । फिर इस " ओं ह्रीं अमृते " इत्यादि मंत्रको पढता हुआ जलको शरीरपर छांटे ॥ ६१ ॥ यह अमृतस्नान है ॥ त्रिकोण यंत्रके कोनोंमें

---

१ मंत्रस्नानम् । २ इर्यापथेशोधनम् ।

ॐ ह्रीं अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणि अमृतं स्रावय स्रावय सं सं क्लीं २ ब्लूं २ द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय २ सं हं झ्वीं क्ष्वीं हं सः स्वाहा । इति अमृतस्नानम् ।

स्वस्तिकाग्रत्रिकोणांतर्गतरेफशिखावृतम् । अग्निमंडलमोंकारगर्भं रक्ताभमास्थितम् ॥ ६२ ॥
सप्तधातुमयं देहं दहेद्रेफार्चिषां चयैः । सर्वांगदेशगैर्विष्वग्धूयमानैर्नभस्वता ॥ ६३ ॥
नाभिस्थसस्वरद्व्यष्टपत्राब्जांतरर्हं रतः । दहेच्छिखौघैरुद्यद्भिरष्टकर्ममयं वपुः ॥ ६४ ॥
वृत्तारसविंदोर्दिक्कोणस्वायाद्रोमूत्रिकाकृतेः । कृष्णाद्वायुपुराद्वातैः प्रापद्भिः प्रेर्य भस्म तत् ॥ ६५ ॥
व्योमव्यापिघनासारैः स्वमाप्लाव्यामृतस्रुतम् । खेहं ध्यायन् सृजेद्देहममृतैरन्यर्मिदुवत् ॥ ६६ ॥

साथिया बनावे । उस यंत्रके अंदर रेफशिखासे वेष्टित ओंकारसहित लालवर्णवाले अग्निमंडलका चिंतन करे । फिर सात धातुमई देहको रेफकी ज्वालासे भस्म करे । नाभिमें स्थित सोलह कमलपत्रोंके मध्यमें स्थित अर्हंके रेफकी शिखासे अष्टकर्ममयी शरीरको भस्म करे । यह दहनक्रिया है ॥ ६२ । ६३ । ६४ ॥ फिर गोलाकार विंदुसहित वायुमंडलसे उस भस्मको दूर करे । उसके बाद " खे हं " इन दो अक्षररूपी अमृतजलसे अपनेको शुद्ध करके कायोत्सर्ग करे ॥ ६५ । ६६ ॥ यह प्लावनक्रिया है । अब अंगन्यासक्रिया कहते हैं—दोनों हाथोंकी कनिष्ठा आदि अंगुलियोंमे ' ओं ह्रां ' आदि नम-

---

१ दहनम् । २ प्लावन ।

हस्तद्वये कनीयस्या द्व्यंगुलीनां यथाक्रमम्। मूलं रेखात्रयस्योर्ध्वमग्रे च युगपत्सुधीः॥६७॥
न्यस्योंहामादिहोमाद्यान्नमस्कारान करौ मिथः। संयुज्यांगुष्ठयुग्मेन द्विस्तान् स्वांगेष्विति न्यसेत्

